


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112



■ रायपुर,रविवार 21 जून 2026 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष -42 ■ अंक-084 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 22 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


# योग को दिनचर्या का बनाएं हिस्सा: साय



अंबिकापुर. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अंबिकापुर के पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए. यहां उन्होंने हजारों लोगों के साथ सामूहिक योग किया और स्वस्थ जीवन-शैली के लिए नियमित योगाभ्यास करने का संदेश लोगों को दिया. कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए.उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और सशक्त आत्मबल का आधार है. यह हमें जीवन की चुनौतियों का सामना धैर्य, संतुलन और सकारात्मकता के साथ करना सिखाता है. उन्होंने लोगों से योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की है. 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को अंबिकापुर के पीजी कॉलेज के मैदान में उमड़े जनसैलाब ने खास बना दिया हैं. इस अवसर पर स्वस्थ रहने का संदेश फैलाने के लिए हजारों लोगों ने मुख्यमंत्री के साथ योगाभ्यास किया. कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक राम कुमार टोप्पो समेत अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे.

### राहुल गांधी जहां-जहां जाते हैं, वहां कांग्रेस का क्या हश्र होता है, पूरा देश जानता है:सीएम

अंबिकापुर,21 जून। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के अभनपुर में कांग्रेस का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर चल रहा है, जिसमें आज वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी शामिल होंगे। इसको लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निशाना साधा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी जहां-जहां जाते हैं, वहां पर कांग्रेस का हश्र क्या होता है, यह पूरा देश अच्छी तरह जानता है।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बलौदाबाजार में किया योग



बलौदाबाजार के नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर में जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम हुआ, जिसमें नागरिकों को योग के प्रति जागरूक और प्रेरित करने के उद्देश्य से सामूहिक योगाभ्यास कराया गया. कार्यक्रम में बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और लोगों के साथ योग किया.कार्यक्रम में कुलदीप शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा सहित जिले के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में योग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित योगाभ्यास करने का संदेश दिया गया.

## घुसपैठ: बीएसएफ का मालदा बॉर्डर पर हाई अलर्ट

**कोलकाता,21 जून।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से सटी भारत-बांग्लादेश सीमा एक बार फिर सुलग उठी है. वैष्णवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुकदेवपुर सीमावर्ती इलाके में शनिवार तड़के उस वक्त भारी हड़कंप मच गया, जब अवैध रूप से भारतीय सीमा में दाखिल हुए. सुखदेवपुर सीमा इलाके में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स ने इन बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में ले लिया. घुसपैठियों को वापस उनके देश भेजने (पुशबैक) की प्रक्रिया शुरू की गई. भारतीय नागरिक को बॉर्डर ज़ोन के पास जाने से रोक दिया है. बॉर्डर पर लाल झंडे लहरा रहे हैं और हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है. हालात को काबू में करने के लिए सीमा पर बड़ी संख्या में बीएसएफ के जवान तैनात किए गए हैं. हालांकि इस घटना पर बीएसएफ या जिला प्रशासन की तरफ से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है.घुसपैठियों की वापसी को लेकर भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव पैदा हो गया है.

## 6 मुल्कों के खिलाड़ियों के बीच रायगढ़ के 10 युवाओं ने जीते स्वर्णपदक

**रायगढ़,21 जून।** खेल प्रतिभाओं की धरती रायगढ़ के लिए फिर गर्व का अवसर आया है। नेपाल के खूबसूरत शहर पोखरा में बीते 14 से 17 जून तक आयोजित प्रथम इंडो-नेपाल इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2026 में रायगढ़ किड्स ताइक्वांडो अकादमी स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ियों ने ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरे जिले का सिर गर्व से ऊँचा हो गया। भारत, नेपाल, भूटान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान एवं बांग्लादेश सहित 6 देशों के खिलाड़ियों के बीच हुए इस अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में रायगढ़ के सभी 10 खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत का तिरंगा शान से लहराया। कोच विकास सिंह के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास का शानदार परिचय दिया। प्रतियोगिता के कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्गों में रायगढ़ की टीम ने अपने दमदार खेल से सभी को प्रभावित किया और एक के बाद एक स्वर्ण पदक अपने नाम किए। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों में अनु आदित्य एवं अर्पिता आदित्य (पिता संतोष आदित्य), निहाल ठक्कर, वसु शर्मा, रिया तिवारी, अक्षिता पांडेय, मुकुंद अग्रवाल, वर्णिका अग्रवाल, वाची शर्मा तथा तनिष्क वर्मा शामिल हैं।



# 70 की उम्र में 50 जैसा दिखें: मोदी

**कोलकाता,21 जून।** पीएम मोदी रविवार को कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह शामिल हुए। उन्होंने कहा- हमारा लक्ष्य 40 साल की उम्र में 20 साल की उम्र से ज्यादा लचीले होना, 50 साल की उम्र में 30 से ज्यादा ऊर्जावान और 70 की उम्र में 50 साल से ज्यादा स्वस्थ रहना होना चाहिए। पीएम ने कहा कि योग दुनिया का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन चुका है, जो लोगों, देशों और संस्कृतियों को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि 21 जून, जो पृथ्वी का सबसे लंबा दिन माना जाता है, अब पूरी दुनिया में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। पीएम के साथ कोलकाता के ऐतिहासिक 'रेड रोड' पर हजारों लोगों ने योग किया। पीएम ने ताड़ासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, त्रिकोणासन सहित 5 आसन किए। कॉमन प्रोटोकॉल योग सत्र के दौरान पीएम लोगों के बीच पहुंचे और उनकी योग मुद्राओं को सुधारने में मदद करते नजर आए।12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम "Yoga for Healthy Ageing" यानी बढ़ती उम्र के लिए योग है। इस थीम का मकसद यह बताना है कि योग सिर्फ फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि उम्र बढ़ने के साथ शरीर, मन और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का भी तरीका है।

## इंग्लैंड में ओडीआई सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान

**मुंबई,21 जून।** इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में होने वाली 3 मैचों की वनडे इंटरनेशनल सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे दिग्गजों की वापसी हो गई है। ऐसे में कई खिलाड़ी इस सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। उन्हें मजबूरी में ड्रॉप करना पड़ा है। यहां तक कि अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में दमदार शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल को भी बाहर रखना पड़ गया है।

**भारत की ओडीआई टीम इस प्रकार है-** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली*, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नीतीश कुमार रेड्डी, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह और गुरनूर बरार।

## पीएम ने नेवी को सौंपे 3 स्वदेशी वारशिप

**कोलकाता,21 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कोलकाता में भारत में ही डिजाइन और तैयार किए गए इंडियन नेवी के तीन नए जहाजों को नौसेना में शामिल किया। इनमें एडवांस्ड स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस दूनागिरी, सर्वे वेसल आईएनएस संशोधक और एंटी सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अग्रय शामिल हैं। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि आज इंटरनेशनल योग दिवस के साथ-साथ विश्व हाइड्रोग्राफी दिवस भी है, और यह एक बेहतरीन संयोग है कि इसी दिन हमने सबसे मॉडर्न हाइड्रोग्राफी जहाज, आईएनएस संशोधक को नौसेना को सौंपा है। पीएम मोदी ने समुद्र की इम्पोर्टेंस समझाते हुए कहा कि विकास, सुरक्षा और समृद्धि सब कुछ समुद्र से जुड़े हैं।




रायपुर।राज्यपाल रमेन डेका ने रायपुर में योगाभ्यास किया।

# गधहाभाटा अब सोनपुर, चांडालपुर का नया नाम चंदनपुर

**कवर्धा,21 जून।** कबीरधाम जिले के दो गांवों की पहचान अब बदल गई है। वर्षों से गधहाभाटा नाम से जाना जाने वाला गांव अब आधिकारिक तौर पर सोनपुर कहलाएगा। वहीं चांडालपुर गांव का नाम बदलकर चंदनपुर कर दिया गया है। ग्रामीणों को अपने ही गांव का नाम बताने में झिझक होती थी। कई बार लोगों को मजाक और तंज का भी सामना करना पड़ता था। अब राजपत्र में प्रकाशन के बाद दोनों गांवों को नई पहचान मिल गई है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि जिले के चांडालपुर गांव का नाम बदलकर चंदनपुर कर दिया गया है। इसका भी राजपत्र में प्रकाशन हो चुका है। इसके बाद यह सवाल उठने लगा है कि क्या जिले में ऐसे और गांव हैं, जिनके नाम को लेकर लोगों में असहजता है? साथ ही, क्या भविष्य में ऐसे और नाम परिवर्तन के प्रस्ताव सामने आ सकते हैं? उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों को राजपत्र की प्रति सौंपी। उन्होंने बताया कि गांव का नाम बदलने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। पंचायत का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। इसके बाद मंत्रिमंडल में चर्चा हुई और राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद नाम परिवर्तन को अंतिम स्वीकृति दी गई। अब सरकारी रिकॉर्ड में भी गांवों के नाम सोनपुर और चंदनपुर दर्ज होंगे। सोनपुर पहुंचकर उप मुख्यमंत्री ने कई विकास कार्यों की घोषणा भी की। सामुदायिक भवन की मरम्मत के लिए 2.50 लाख रुपए, किचन निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए, गौठान के समतलीकरण के लिए 1 लाख रुपए और पचारी निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए। इस तरह कुल 7.50 लाख रुपए के विकास कार्यों का ऐलान किया गया। ग्रामीण गांव का नाम बदलने को सम्मान और पहचान से जोड़कर देख रहे हैं। हालांकि सवाल यह भी है कि क्या सिर्फ नाम बदलने से गांव की तस्वीर बदल जाएगी? क्या विकास की गति भी उतनी ही तेज होगी, जितनी नाम परिवर्तन की प्रक्रिया रही? ग्रामीणों को उम्मीद है कि नई पहचान के साथ गांव को नई सुविधाएं भी मिलेंगी।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों के नाम केवल पहचान नहीं होते, बल्कि वे इतिहास, संस्कृति और स्थानीय भावनाओं से जुड़े होते हैं। उनके अनुसार, सोनपुर नाम ग्रामीणों के आत्मसम्मान को और मजबूत करेगा। उन्होंने लोगों से अपने दैनिक व्यवहार में भी नए नाम का उपयोग करने की अपील की, ताकि आने वाली पीढ़ियां इसी पहचान के साथ आगे बढ़ें। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की भी चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि 24 जून को विशेष ग्राम सभा आयोजित की जाएगी।

## पाकिस्तान की टिप्पणी पर भारत ने कहा अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न करने वाले हमें मत सिखाओ

**करांची,21 जून।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की भारत को लेकर की गई टिप्पणी पर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया है. विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है. पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी द्वारा भारत में मुस्लिम धार्मिक स्थलों को लेकर दिए गए बयान पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है. मंत्रालय ने पाकिस्तान के मानवाधिकार रिकॉर्ड और अल्पसंख्यकों के खिलाफ वहां जारी उत्पीड़न का हवाला देते हुए बयान को बेबुनियाद और राजनीतिक एजेंडे से प्रेरित बताया.भारत ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के उस बयान पर कड़ा ऐतराज जताया है.

# पाकिस्तान की फिर हुई इंटरनेशनल बेइज्जती

**नई दिल्ली,21 जून।** अमेरिका-ईरान शांति समझौते को अपनी कूटनीतिक सफलता बताने वाले पाकिस्तान को अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पाकिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता पर सवाल उठाते हुए बड़ा बयान दिया है। अमेरिका-ईरान शांति समझौते को लेकर पाकिस्तान की कूटनीतिक भूमिका एक बार फिर चर्चा में है, लेकिन इस बार वजह तारीफ नहीं बल्कि आलोचना है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक पॉडकास्ट में कहा कि समझौते का पूरा टेक्स्ट सार्वजनिक करने में देरी की एक वजह पाकिस्तान और कतर जैसे देशों में प्रेस की स्वतंत्रता का अभाव भी था। वेंस ने कहा कि अमेरिका चाहता था कि समझौते के दस्तावेज जल्द जनता के सामने आएं ताकि लोग उन्हें पढ़ सकें और सवाल पूछ सकें, लेकिन पाकिस्तान की राजनीतिक व्यवस्था में ऐसी पारदर्शिता की परंपरा नहीं है।

### 21 जून: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसार को बताया इसका महत्व

# स्वस्थ तन -मन के लिए भारतीय साधना पद्धति हुई विश्वव्यापी

**आलेख . जसवंत क्लॉडियस,वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर,रायपुर.**

शरीर का स्वस्थ होना समाज के प्रगति की पहली शर्त है। मानव सभ्यता के आरंभ में जब ध्वनि,वायु, जल प्रदूषित नहीं होते थे तब मानव जीवन सरल व शांत था। शारीरिक रूप से जब मनुष्य चुस्त दुरुस्त रहता है तो उसके द्वारा किसी भी कार्य के निष्पादन की गति बढ़ जाती है। सच है जब लक्ष्य ठीक समय पर प्राप्त होता है तो स्वभावतः समाज की प्रगति तेजी से होती है। पुरातन भारत से आगे बढ़ते हुए मानव सभ्यता में समय के परिवर्तन के साथ साथ खान-पान, रहन-सहन, कार्य शैली में बदलाव होते चला गया। उसी समय के महान ऋषि मुनियों, संतों को आभास हो गया था कि आधुनिकता की ओर मानव जाति के बढ़ने के साथ- साथ उन्हें अपने दैनिक क्रियाकलाप में परिवर्तन करना पड़ेगा। पहले शारीरिक शक्ति से जो कार्य निपटाये जाते थे समय के आगे बढ़ने के साथ औजारों से, फिर मशीनों से संपन्न होंगे। इस तरह हजारों वर्ष पूर्व के हमारे देश के महान विभूतियों को लगने लगा कि आने वाले समय में मनुष्य को शारीरिक व मानसिक संतुलन बनाए रखने में कठिनाई होगी तो उन्होंने दूरदशिता से निर्णय लेते हुए आलस्य, बीमारी, कमजोरी को दूर करने के उपाय सुझाये। इसे ही योग कहा गया। इस शब्द का संबंध शारीरिक पहलुओं, आसनों और प्राणायाम से है। योग का सबसे पहला उल्लेख भारत के सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद में मिलता है। उपनिषद में विशेष रूप से कठोपनिषद, श्वेताश्वतरोपनिषद और योगोपनिषदों में योग का गहरा आध्यामिक और दार्शनिक उल्लेख है। हठयोग प्रदीपिका और घेरंड संहिता नामक ग्रंथों में योग के शारीरिक पहलुओं, आसनों तथा प्राणायाम का विस्तृत वर्णन बतलाया गया है। भगवद् गीता में योग को जीवन जीने की कला और मोक्ष का मार्ग बताया गया है।जिसमें कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्ति योग प्रमुख है। दूसरी तरफ भारत के प्राचीन ग्रंथों में से एक पतंजलि योगसूत्र योग का सबसे प्रमुख और व्यवस्थित मूलग्रंथ है। इस ग्रंथ को महर्षि पतंजलि द्वारा संकलित किया गया। जिसमें योग को चित्त वृत्तियों का निरोग बताया गया है तथा अष्टांग योग ( यम, नियम, आसन ,प्राणायाम,

प्रत्याहार , धारणा, ध्यान और समाधि का विस्तार से वर्णन किया गया है। इस प्रकार अगर हम योग को अभिव्यक्त करना चाहें तो ठोस प्रमाणिकता के साथ कह सकते हैं कि योग पुरातन भारतीय ऋषिमुनियों और तत्ववेत्ताओं द्वारा प्रतिपादित एक विशिष्ट आध्यात्मिक प्रक्रिया है। पतंजलि ने चित्त की वृत्तियों के निरोध को योग कहा है और इसके आठ अंग बताए हैं। यम, नियम, आसन, प्राणायाम,प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि। इस तरह प्राचीन भारत में स्वस्थ तन एवं मन की प्राप्ति हेतु भारतीय साधना पद्धति ही योग है। भारतीय परंपरा व ज्ञान को देश विदेश तक पहुंचाने की आवश्यकता को समझते तो सभी भारतीय हैं लेकिन योग के महत्व को इस जगत को बताने की दिशा में 15 अगस्त 1947 को भारत को मिली स्वतंत्रता के पश्चात किसी भी व्यक्ति या संस्था ने प्रयास नहीं किया। मई 2014 में प्रधानमंत्री के रूप में महान राष्ट्रवादी माननीय नरेन्द्र मोदी को जिम्मेदारी मिली तो उन्होंने अपना पक्ष विश्व व्यापी संस्था संयुक्त राष्ट्र संघ के समक्ष रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहल को संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्यों ने गर्व के साथ स्वीकार किया और सारे जगत में संयुक्त राष्ट्र संघ के 193 देशों ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के निर्णय 11 दिसंबर 2014 को स्वीकार किया। इस प्रकार 21 जून 2015 से प्रतिवर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा योग दिवस मनाये जाने की परंपरा आरंभ हुई। यही नहीं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा भारत की इस साधना पद्धति को संयुक्त राष्ट्र संघ के पदाधिकारियों के समक्ष विनम्रता लेकिन मजबूती द्वारा प्रस्तुत करने से योग के महत्व को अत्यंत गंभीरता से लिया गया. इस बात का प्रमाण यह है कि 2015 से लगातार प्रत्येक वर्ष पृथक पृथक विषय के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरी दुनिया में मनाया जा रहा है . निर्धारित विषय 2015 में सद्भाव और शांति के लिए योग, 2016 में सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए योग ( युवाओं को जोड़े ) 2017 में स्वास्थ्य के लिए योग, 2018 में शांति के लिए योग,2019 में हृदय के लिए योग, 2020 में घर पर योग, परिवार के साथ योग, 2021 में कल्याण के लिए योग,2022 में मानवता के लिए योग,2023 में वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग,2024 में स्वयं और समाज के लिए योग,2025 में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग और अब इस वर्ष 2026 में स्वस्थ आयु के लिए योग विषय दिया गया है . अब तो योग को खेल के रूप में मान्यता दे दी गई है .और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक खेल संघों ने योग को योगासन नाम देकर स्पर्धा आयोजित करना शुरू कर दिया है .




# शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सांकरा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 21 जून।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सांकरा में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साह, उमंग एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित अध्ययन एवं विद्यालय से निरंतर जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में एस.एम.डी.सी. अध्यक्ष, रवि सिंगौर (सरपंच ग्राम पंचायत सांकरा एवं भाजयुमो अध्यक्ष), मोहन लोधी (सरपंच ग्राम पंचायत मोतीपुर), आर. के. चौरे (प्राचार्य), एम. एल. साहू (व्याख्याता), मनहरण सिंगौर (सांसद प्रतिनिधि), ओमप्रकाश चंद्राकर (विधायक प्रतिनिधि), श्यामू बंजारे (पंच), कान्ता सिंगौर, संतोष सिंगौर, तिहारु बघेल सहित विद्यालय परिवार, पालकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में सरपंचों ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों के माध्यम से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा उन्हें उच्च शिक्षा के लिए निरंतर प्रेरित करने का आग्रह किया।



इस अवसर पर विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि गत शैक्षणिक वर्षों में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है, जो शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा, विद्यार्थियों की मेहनत एवं पालकों के सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है। उपस्थित अतिथियों ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी विद्यालय उत्कृष्ट परिणामों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की परंपरा को निरंतर बनाए रखेगा।

कार्यक्रम में शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया। सरपंच रवि सिंगौर ने विद्यार्थियों, पालकों एवं ग्रामवासियों से पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु एक पेड़ माँ के नाम अथवा स्वयं के नाम से कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, स्वच्छ एवं स्वस्थ भविष्य के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। अंत में सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई तथा प्रत्येक बालक-बालिका को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने का संकल्प दोहराया गया।

## समाचार संक्षेप

### शिवसेना भिलाई ने सोल्लास मनाया स्थापना दिवस



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 जून।** शिवसेना के भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ शिव सेना दुर्ग जिला उद्धव बाला साहब ठाकरे द्वारा दुर्ग बस स्टैंड शिव मंदिर प्रांगण में 60 वर्ष शिव सेना स्थापना दिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया जिसमें प्रसाद वितरण किया गया शिव सेना प्रदेश प्रमुख ने कहा कि शिव सेना द्वारा हिन्दुत्व का झंडा बुलंद किया कट्टर हिन्दु वादी सामाजिक धार्मिक हक अधिकार के लिए इसकी स्थापना स्वर्गीय बाला साहब ठाकरे कि शिव सेना कट्टर हिन्दु वादी संगठन के नाम से देश ही नहीं पड़ोसी देश में प्रचलित रहा है! जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश प्रमुख माननीय डॉ आनंद मलहोत्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, संभाग उपाध्यक्ष पप्पू मानिकपुरी, भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता, दुर्ग जिला उपाध्याय संतोष निषाद जिला उपाध्यक्ष कुंदन नाग, कामगार सेना जिला अध्यक्ष कैलाश जानवावाला, शहर अध्यक्ष गगन पांडे, शहर उपाध्यक्ष वीरेन्द्र अग्रवाल, शहर सचिव सोनू यादव, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर

### पी.मुक्ता गुहामूर्ति को मिली पीएचडी की उपाधि

**भिलाई, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा पी.मुक्ता गुहामूर्ति को पी-एच.डी की उपाधि प्रदान की गई है. शिक्षा विषय पर किए गए उनके शोध का विषय इंटरनेट गेम्स खेलने वाले किशारों के तनाव एवं आक्रामकता का उनकी शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव था. उनके शोध निर्देशक अपोलो कॉलेज अंजोरा के प्राध्यापक डॉ.रजत जैन एवं सहशोध निर्देशक कल्याण महाविद्यालय भिलाई के सहायक प्राध्यापक डॉ.आरती मिश्रा थे. वे रेलवे स्टेशन मास्टर पी.कृष्णामूर्ति की पत्नी, दिवंगत एम.एस.गुहा व स्वपना गुहा की पुत्री एवं मृणालकांति गुहा, सुनीता बर्मन, दिशी मलिक साहू की बहन है.



### कालेज छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, सुसाइड नोट बरामद

**भिलाई, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भट्ठी थाना क्षेत्र के सेक्टर-4 स्थित लंबे समय से बंद पड़े बीएसपी स्कूल परिसर में एक कॉलेज छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी कर ली मृतक के पास से पुलिस ने एक सुसाइडल नोट बरामद किया गया है। जिसमें लिखा है कि मुझे दफनाना नहीं, मेरा अंतिम संस्कार करना फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है भट्ठी पुलिस ने बताया कि आज शाम को सूचना मिली कि सेक्टर - 4 निवासी दीपांशु वर्मा पिता महेंद्र वर्मा (22) रोज की तरह घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की इसी दौरान बंद पड़े स्कूल परिसर में एक युवक के शव की सूचना मिली मौके पर पहुंची पुलिस और परिजनों ने युवक की पहचान दीपांशु वर्मा के रूप में की। घटनास्थल से एक नोट भी बरामद हुआ है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है दीपांशु के पिता बीएसपी में कर्मचारी हैं

### खतरनाक स्टंटबाजी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सड़क पर खतरनाक स्टंट कर सोशल मीडियो में वीडियो वायरल करने वाले के खिलाफपुलिस ने कार्रवाई की है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि वाट्सअप सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो मिला था जिसमें स्मार्ट बच्चा कृष्णा नगर, मिनीमाता चौक, भिलाई निवासी युवराज सोनी नामक आईडी से युवक बिना नंबर की बाइक को सार्वजनिक सड़क पर तेज गति, लापरवाही एवं खतरनाक ढंग से चला कर स्टंट करते देखा गया सुपेला थाने पुलिस ने खोजबीन कर वीडियो की जांच करर शिनाख्त किया युवक का नाम युवराज सोनी बताया गया जांच में यह भी पाया गया कि यवराज सदर क्षेत्र में बाइक से स्टंट कर राहगीरों को भयभीत किया जा रहा था आरोपी विवाद और झगड़ा करने पर आमादा हो गया।

### एक महीने से अंधेरे में डूबा सुंदर नगर, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों से बढ़ी रहवासियों की चिंता

भिलाई, 21 जून। वैशालीनगर स्थित पुरानी पुलिस चौकी के सामने स्थित सुंदर नगर पिछले एक महीने से अधिक समय से अंधेरे की चादर में लिपटा हुआ है। क्षेत्र की कई स्ट्रीट लाइटें बंद होने के कारण रात होते ही पूरी सड़क पर घना अंधेरा छा जाता है, जिससे स्थानीय रहवासियों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रिहायशी और संवेदनशील माने जाने वाले इस इलाके में अंधेरे के कारण लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात के समय महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं, वाहन चालकों को भी अंधेरे के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। सुंदर नगर निवासी अशोक जाधव ने बताया कि स्ट्रीट लाइटों की समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद अधिकारी समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।रहवासियों का कहना है कि पुरानी पुलिस चौकी के सामने का यह क्षेत्र हमेशा लोगों की आवाजाही वाला इलाका है। ऐसे में लंबे समय से स्ट्रीट लाइटें बंद रहने से असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि बरसात के मौसम और सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रीट लाइटों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और आवागमन सुगम एवं सुरक्षित हो सके। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार विभाग कब तक इस समस्या का संज्ञान लेकर सुंदर नगर को अंधेरे से मुक्ति दिलाता है।

# बेहतर जीवन शैली के लिए योग जरूरी






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली, 21 जून।** बेहतर जीवन शैली के लिए योग आवश्यक है। योग शरीर को निरोग बनाने में सहायक है। नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा आयोजित बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग लंगर के योगाचार्य के मार्ग दर्शन में लगभग 250 लोगों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम आरंभ करने से पहले महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सनीर साहू ने शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम की शुरुवात की। बाद में योग लंगर मैदान में अशोक महेश्वरी के मार्ग दर्शन में योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर पूजा ललित चंद्राकर, पार्षद धर्मेंद्र भगत, डॉ. सीमा साहू, माया यादव, ममता सिन्हा, रमा साहू, सुनंदा चंद्राकर, सविता ढवस, मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू समेत बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। आभार प्रदर्शन निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने की।

## योग दिवस पर सामूहिक किया योगाभ्यास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति एवं पतंजलि योग साधक समिति, कान्हा पार्क कोहका के संयुक्त तत्वावधान में बीरा के अंगना, कोहका में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में योग साधकों ने भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इन्द्रजीत सिंह छोटू ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि



योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मबल और सकारात्मक ऊर्जा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी से नियमित योगाभ्यास को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा योग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि नियमित योगाभ्यास जीवन को संतुलित, स्वस्थ और सुखमय बनाता है। इस अवसर पर सर्व समाज कल्याण समिति, पतंजलि योग साधक समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं क्षेत्र के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

**योगा नृत्य बना आकर्षण:** योग लंगर में नियमित अभ्यास करने वाले बच्चों ने योगा नृत्य किया। लगभग 15 मिनट के नृत्य में बच्चो ने संगीत में विभिन्न आसन दिखाए। प्रस्तुति के बाद अतिथियों ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने योग नियमित करने के लिए स्थल में मौजूद लोगों को शपथ दिलाई।

# हादसे के बाद चालक को केबिन काटकर निकाला

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 जून।** कुम्हारी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में कंटेनर में चालक को यातायात पुलिस एवं कुम्हारी पुलिस ने कटर एवं राड की सहायता से वाहन के क्षतिग्रस्त हिस्से को काटकर सुरक्षित बाहर निकाल कर उसकी जिंदगी बचाई है।

पुलिस ने बताया कि बीती रात कुम्हारी क्षेत्र में रायपुर से दुर्ग मार्ग में काजी हाउस कटिंग के पास एक सड़क दुर्घटना के दौरान आईसर मालवाहक वाहन ट्रेलर के पीछे एक वाहन के टकरा जाने से गंभीर दुर्घटना घटित हुई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कंटेनर का चालक वाहन के केबिन में बुरी तरह फंस गया और स्वयं बाहर



निकलने में असमर्थ था। इस घटना की सूचना प्राप्त होते ही यातायात पुलिस दुर्ग एवं कुम्हारी थाना की पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुंची।

पुलिस टीम ने स्थानीय नागरिकों की सहायता से त्वरित राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया चालक के केबिन में फंसे होने के कारण कटर एवं राड की सहायता से वाहन के क्षतिग्रस्त हिस्से को काटकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया रेस्क्यू के दौरान कुम्हारी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे, उप निरीक्षक भीखम टंडन, आरक्षक टिकेंद्र मांडवी, पी मधुसूदन राव, नरेंद्र वर्मा पुलिस कर्मियों एवं उपस्थित नागरिकों ने अत्यंत तत्परता और मानवता का परिचय देते हुए घायल चालक को प्राथमिक सहायता प्रदान की इस के पश्चात तत्काल डायल-112 वाहन की सहायता से घायल चालक को उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है यातायात पुलिस दुर्ग आम नागरिकों से अपील करती है कि भारी वाहनों का संचालन करते समय निर्धारित गति सीमा का पालन करें, पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें तथा सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें, जिससे इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**भिलाई, 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महाराणा प्रताप भवन सेक्टर - 7 के छात्रावास में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक निखिल पौसार्य पिता प्रहलाद पौसार्य (19) बालोद का रहने वाला था उसकी लाश छात्रावास के कमरे में पंखे के सहारे फांसी के फंदे पर लटकती हुई मिली भिलाई नगर थाने पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है बताया जा रहा है कि निखिल पौसार्य बालोद जिले का रहने वाला है से यहां पढ़ाई के लिए आया था वह सेक्टर - 6 में स्थित साईं महाविद्यालय में बीएससी बायो की पढ़ाई कर रहा था वह साल भर से भिलाई नगर स्टेशन के नजदीक महाराणा प्रताप भवन के छात्रावास में रह रहा था छात्रावास में वैसे तो एक कमरे में दो छात्रों को रहने दिया जाता है लेकिन कोई दूसरा छात्र नहीं होने से निखिल अकेले एक कमरे में रहता था आज सुबह काफी देर तक जब निखिल कमरे से बाहर नहीं निकला तो छात्रावास में रहने वाले छात्रों ने इस बात की जानकारी क्षत्रिय कल्याण सभा के पदाधिकारियों को दी पदाधिकारियों ने पुलिस को सूचना दी फिर दरवाजा तोड़कर देखा गया तो निखिल की लाश पंखे के सहारे फांसी के फंदे पर लटकती हुई मिली भिलाई नगर पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी फिर शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस ने मृतक का मोबाइल फोन कब्जे में ले लिया है फिलहाल निखिल की खुदकुशी के कारण का पता नहीं चल पाया है।



# निर्माणाधीन मकान से सेंट्रिंग प्लेट चोरी करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 21 जून।** जामुल थाना पुलिस ने सेंट्रींग प्लेट चोरी और विरोध करने पर मारपीट करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से कारीब 50 हजार कीपाल्य की बरामद कर ली है( दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है जामुल टीआई रामेंद्र सिंह ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड निवासी प्रमोद तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 19 जून की दोपहर कैलाश नगर स्थित उनके प्लॉट से कुछ लोग लोहे की सेंट्रींग प्लेट चोरी कर ले जा रहे थे जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और मौके से फरार हो गए



शिकायत के आधार पर जामुल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की विवेचना के दौरान मिली सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर रूपेश निषाद उर्फरूपा (22) और अशोक यादव (45) को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ में कबूला अपराध पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली उनकी निशानदेही पर चोरी की गई लोहे की सेंट्रींग प्लेट बरामद कर जब्त कर ली गई। बरामद सामग्री की अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफवैधानिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## भिलाई में 'वेस्ट से बेस्ट' की मिसाल

# महिला समूह कबाड़ से बना रहा आकर्षक सजावटी सामान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाईनगर, 21 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड क्रमांक 42 गौतम नगर खुर्सीपार स्थित एस.एल.आर.एम. (सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट) सेंटर में मणीकंचन महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं स्वच्छता और आत्मनिर्भरता की अनूठी मिसाल पेश कर रही हैं। यहां वार्डों से प्रतिदिन एकत्र होने वाले कचरे और कबाड़ सामग्री को उपयोगी एवं आकर्षक सजावटी वस्तुओं में बदलकर 'वेस्ट से बेस्ट' की अवधारणा को साकार किया जा रहा है।

खुर्सीपार स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर में पहुंचने वाले सूखे कचरे का पृथक्करण कर प्लास्टिक, टायर, बोतल, डिब्बे एवं अन्य अनुपयोगी सामग्रियों को अलग किया जाता है। इसके बाद महिला समूह की सदस्य अपनी रचनात्मकता का उपयोग करते हुए इन कबाड़ वस्तुओं से सुंदर गमले, सजावटी शोपीस, गार्डन डेकोरेशन सामग्री, हैंगिंग आइटम, टेबल डेकोरेशन और घरों के प्रवेश द्वार को आकर्षक बनाने वाले विभिन्न



उत्पाद तैयार कर रही हैं। महिलाओं द्वारा तैयार की गई सामग्री न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि लोगों को कचरे के पुनः उपयोग के प्रति भी जागरूक कर रही है। इन उत्पादों का उपयोग घरों, कार्यालयों और उद्यानों की सुंदरता बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का कहना है कि इस पहल से एक ओर कचरे का बेहतर प्रबंधन हो रहा है, वहीं दूसरी ओर महिला समूहों को रोजगार एवं आय का अतिरिक्त स्रोत भी प्राप्त हो रहा है। यह प्रयास स्वच्छ भारत मिशन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। महिला समूह की इस अभिनव पहल की स्थानीय नागरिकों द्वारा भी सराहना की जा रही है। लोगों का मानना है कि ऐसे प्रयास न केवल शहर को स्वच्छ बनाने में मदद करते हैं, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का कार्य भी करते हैं।

### सेजस विद्यालय घुघुवा क में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए प्रणव शर्मा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 21 जून।** क्षेत्र के ग्राम घुघुवा क स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिंदी माध्यम विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज 21 जून को प्रातः 7:00 बजे से योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं सभी ने योग आसन किया, इस कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि सभापति जनपद पंचायत पाटन प्रणव शर्मा भी उपस्थित हुए और सभी प्रकार के योगासन भी किया, अपने उद्बोधन में प्रणव शर्मा ने सभी को योग दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए योग दिवस के महत्व को विस्तार से समझाया और योग के समस्त प्रकारों की जानकारी दी, योग से समस्त शारीरिक मानसिक समस्याओं का समाधान हो सकता है, योगासन करने से हमें सकारात्मक सोच आती है जिससे हम शैक्षणिक कार्य को अत्यधिक कुशलतापूर्वक कर सकते हैं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से, थानेश्वर प्रसाद साहू, प्रशांत शर्मा, सरपंच शैलेन्द्री साहू, ढाल सिंह साहू, सचिन अर्जुन सिंगौर, प्राचार्य के के पहरी एवं समस्त शिक्षकगण छात्र छात्राएं उपस्थित रहे, योग कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आचार्य राजेश महतो द्वारा किया गया।

### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग के प्रधान कार्यालय परिसर में प्रातः 7:00 बजे योगाभ्यास एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन थे। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी (ष्ट्रश्वह्र) एस. के. वर्मा, वर्ग-1 अधिकारी हृदेश शर्मा एवं एस. के. निवसरकर, अधीक्षक के. के. नायक, अधिकारीगण एस. पी. वाहने एवं धीरेंद्र देवांगन तथा बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रोहित वर्मा सहित बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षण का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक अमन बेलचंदन द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थितजनों को योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया तथा नियमित योग के लाभों के संबंध में जानकारी दी। मुख्य अतिथि प्रीतपाल बेलचंदन ने अपने उद्बोधन में कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवन का आधार है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### शिक्षा केवल नौकरी पाने का साधन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है :खिलेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 21 जून।** शासन के आदेशानुसार शासकीय प्राथमिक शाला सेलुद में प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव में सरपंच खिलेश मारकंडे सहित जन प्रतिनिधि व पालक गण उपस्थित थे सभी ने मिलकर नव प्रवेशी बच्चों को गुलाल लगाकर मुँह मीठा करके स्वागत किया गया। तथा सभी प्रवेशित बच्चो को पाठ्य पुस्तक व गणवेश वितरण किया गया। सरपंच खिलेश मारकंडे ने कहा कि हमारे गांव का विकास तभी संभव है जब हमारा हर बच्चा शिक्षित होगा। शिक्षा केवल नौकरी पाने का साधन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। मैं सभी माता-पिता से आग्रह करता हूँ कि बच्चों को सिर्फस्कूल भेजना ही काफी नहीं है। वे रोज स्कूल जाएं, घर पर थोड़ा समय पढ़ाई को दें, इस बात का भी ध्यान रखें। बेटा-बेटी में कोई फर्क न करें, सबको समान रूप से पढ़ाएं।मारे स्कूल के शिक्षक बेहद अनुभवी और समर्पित हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि वे इन बच्चों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार भी देंगे।?स्कूल की बुनियादी सुविधाओं में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस प्रवेश उत्सव के मौके पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि हमारे गांव का एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा।

# महापौर ने वार्ड नं.-15 में लिया सफाई का जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 जून।** वार्डो में साफ सफाई निरीक्षण की कडी में महापौर मधुसूदन यादव आज वार्ड 15 के बी.एन.सी.मिल कालोनी में वार्ड पार्षद श्री प्रमोद झंझाडे के साथ साफ सफाई देख नागरिको से चर्चा कर जय हनुमान व्यायाम शाला के पास कुआॅ की सफाई कराने तथा सबमर्सिबल पंप मरम्मत कराने के निर्देश उप अभियंता श्री तिलकराज ध्रुव को दिए। इसके पश्चात महापौर कन्हारपुरी स्कूल का निरीक्षण कर स्कूल मरम्मत कराने आश्वासन देकर विद्यार्थियो को कापी पुस्तक का वितरण किए।



महापौर श्री यादव बीएनसी मिल कालोनी तथा जय हनुमान व्यायाम शाला के आस पास साफ सफाई रखने, एसएलआरएम सेन्टर में कचरा का उचित प्रबंधन करने सफाई अमला को निर्देशित किए। व्यायाम शाला के पास कुॅआ में गंदगी डालाने एवं बंद सबमर्सिबल पंप की शिकायत व्यायाम शाला के लोगो द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि कुॅआ के पानी का उपयोग व्यायाम शाला के आलावा एसएलआरएम सेंटर एवं आस पास के लोगो द्वारा किया जाता है। गंदगी डालने व पंप खराब होने के कारण परेशानी हो रही है। महापौर ने उप अभियंता से कहा कि कुॅआ की सफाई करा सबमर्सिबल पंप की तत्काल मरम्मत कराई जाए। साथ ही इसके आस पास साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाए तथा गंदगी फैलाने वालो पर कार्यवाही की जाए। व्यायाम शाला के लोगो द्वारा ध्यान आकृष्ठ कराने से महापौर के पहुचने पर व्यायाम शाला के संचालक श्री आशु सिंह एवं नागरिको ने महापौर का धन्यवाद ज्ञापित किया।

बीएनसी मिल कालोनी के पश्चात महापौर श्री यादव कन्हारपुरी स्कूल पहुॅचे। हायर सेकेन्ड्री स्कूल कन्हारपुरी जर्जर होने की संज्ञान में आते ही महापौर श्री यादव स्कूल का निरीक्षण कर शिक्षको से व्यवस्था संबंधी चर्चा किए। स्कूल जर्जर एवं शौचालय खराब होने की जानकारी देने पर उन्होंने तत्काल शौचालय मरम्मत कराने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि जल्द ही स्कूल का मरम्मत कराया जायेगा और नये स्कूल निर्माण के लिए भी शासन स्तर पर अतिशीघ्र कार्यवाही की जावेगी। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को कापी पुस्तक का वितरण कर कहा कि सभी बच्चे पढाई में ध्यान लगाकर अच्छे अंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं शाला का नाम रोशन करे। उन्होंने स्कूल में सभी सुविधा उपलब्ध कराने हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान शाला की प्राचार्या श्रीमती संगीता खोब्रागडे सहित पार्षद प्रतिनिधि श्री युवराज सिंह, पूर्व पार्षद श्री महेश साहू, किशोर साहू, लोकराम साहू, सीताराम श्रीवास, सोहन साहू तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।

## एक नजर

### दुष्कर्म के 3 आरोपी गिरफ्तार




**राजनांदगांव 21 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना सोमनी क्षेत्रांतर्गत एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु होने के पश्चात दिनांक 18.06.2026 को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेण्ड्री, राजनांदगांव से प्राप्त सूचना पर थाना सोमनी में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। मृतिका का पोस्टमार्टम कराया गया तथा घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री अलेक्जेंडर किरो, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक दिलीप पटेल एवं साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में थाना सोमनी व साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। जांच के दौरान घटनास्थल निरीक्षण, मृतिका के परिजनों से पूछताछ, तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अवलोकन से यह तथ्य सामने आया कि आरोपीगण आशुतोष उर्फ आशु, छत्रपाल उर्फ बल्लू एवं घनश्याम बेलचंदन द्वारा एक राय होकर मृतिका को बहला-फुसलाकर रायपुर ले जाते समय रास्ते में जबरन शराब पिलाते, रायपुर क्लब ले जाना व वापस विशलिंगवुड रिसार्ट मनगटा में मदहोशी हालत में 24 वर्षीय युवती के साथ आशुतोश के द्वारा रास्ते में जबरन शराब पिलाई गई तथा विशलिंगवुड्स रिसोर्ट में मदहोशी की अवस्था का फायदा उठाकर मुख्य आरोपी द्वारा जबरन शारीरिक संबंध स्थापित किया गया, जिससे मृतिका को चोटें भी आईं। प्रकरण में अपराध धारा 64, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने अपना अपराध स्वीकार किया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा जाएगा , घटना से संबंधित विशलिंगवुड्स रिसोर्ट को भी नियमानुसार सील किया गया है। प्रकरण में आगे की वैधानिक कार्यवाही जारी है।

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में विभिन्न संविदा पदों के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू 29 जून को

**बलौदाबाज़ार,21 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, लवन जिला बलौदाबाज़ार-भाटापारा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पीएम श्री योजना अंतर्गत विभिन्न पदों पर पूर्णतः संविदा एवं अस्थायी आधार पर योग्य एवं अनुभवी अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों के लिए 29 जून 2026 (सोमवार) को प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक विद्यालय परिसर में वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा।भर्ती के अंतर्गत योगा प्रशिक्षक (महिला) 1 पद, खेल शिक्षक/कोच (बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल) 2 पद, संगीत विशेषज्ञ 1 पद, नृत्य विशेषज्ञ 1 पद, महिला सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षक 1 पद, एटीएल टिंकरिंग लैब फैसिलिटेटर 1 पद तथा मैट्रन (महिला) 2 पद शामिल हैं।योगा प्रशिक्षक के लिए योग में स्नातक अथवा योग विशेषज्ञता सहित एम.पी.एड.,पीजी डिप्लोमा, खेल शिक्षक के लिए बी.पी.एड. अथवा समकक्ष डिग्री, संगीत विशेषज्ञ के लिए संगीत में प्रमाणपत्र,डिप्लोमा,डिग्री एवं व्यावसायिक अनुभव, नृत्य विशेषज्ञ के लिए शास्त्रीय, लोक अथवा आधुनिक नृत्य में प्रमाणपत्र,डिप्लोमा,डिग्री एवं प्रदर्शन अनुभव, सेल्फडिफेंस प्रशिक्षक के लिए जूडो,कराटे में मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रमाणपत्र अथवा डिग्री, एटीएल टिंकरिंग लैब फैसिलिटेटर के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन अथवा कंप्यूटर साइंस में बी.ई.,बी.टेक. के साथ नवाचार, रोबोटिक्स, स्टेम अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव तथा मैट्रन (महिला) के लिए न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है। संबंधित क्षेत्र में अनुभवी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# ड्रोन दीदी अभियान से कृषि क्षेत्र में तकनीक और मातृशक्ति का होगा सशक्त संगम : मुख्यमंत्री साय

रायपुर, 21 जून। कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने तथा महिला किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 'ड्रोन दीदी अभियान' अंतर्गत महिला कृषकों का 5 सदस्यीय दल ड्रोन पायलट प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रायपुर रवाना हुआ। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज कुनकुरी स्थित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र परिसर से दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कृषि क्षेत्र में तकनीक का समावेश समय की आवश्यकता है और ड्रोन तकनीक खेती-किसानी को अधिक वैज्ञानिक, प्रभावी और लाभकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि 'ड्रोन दीदी अभियान' केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, आधुनिक कृषि और ग्रामीण आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी मातृशक्ति आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रही है। कृषि क्षेत्र में भी महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बनेंगी, बल्कि अपने गांवों और क्षेत्रों के अन्य किसानों को भी नई तकनीकों से जोड़ने में अग्रणी भूमिका निभाएंगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ड्रोन तकनीक के माध्यम से फसलों पर उर्वरक एवं कीटनाशकों का छिड़काव कम समय में अधिक सटीकता और प्रभावशीलता के साथ किया जा सकता है। इससे समय, श्रम और लागत की बचत होने के साथ-साथ कृषि उत्पादन की गुणवत्ता और उत्पादकता में भी वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषि को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। ड्रोन जैसी नवीन तकनीकों के उपयोग से खेती अधिक सुविधाजनक, टिकाऊ और लाभकारी बन रही है।

ड्रोन दीदी अभियान के अंतर्गत महिला किसानों को ड्रोन संचालन, रखरखाव, सुरक्षा मानकों तथा कृषि कार्यों में ड्रोन के उपयोग संबंधी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद ये महिलाएं ड्रोन पायलट के रूप में कार्य करने के साथ-साथ अन्य किसानों को भी तकनीक आधारित कृषि पद्धतियों के उपयोग के लिए प्रेरित करेंगी। इस पहल से महिलाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीक आधारित कृषि सेवाओं का विस्तार होगा। प्रशिक्षित महिलाएं कृषि कार्यों में ड्रोन सेवाएं उपलब्ध कराकर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना ग्रामीण विकास और विकसित कृषि व्यवस्था की कल्पना अधूरी है। ड्रोन दीदी अभियान महिला सशक्तिकरण, आधुनिक कृषि और ग्रामीण आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी मॉडल के रूप में उभर रहा है। उल्लेखनीय है कि 'ड्रोन दीदी अभियान' का उद्देश्य महिलाओं को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर उन्हें कृषि क्षेत्र में नई पहचान दिलाना है। यह पहल 'तकनीक से सशक्त महिला, समृद्ध किसान और विकसित कृषि' के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## स्व. गोविंद लाल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में जनसेवा का अनुपम उदाहरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**साल्हेवारा 21 जून।** सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा के प्रतिष्ठित वरिष्ठ व्यापारी स्वर्गीय श्री गोविंद लाल अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पुत्र श्री संदीप अग्रवाल एवं पौत्र श्री आभास अग्रवाल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साल्हेवारा को 2 ऑक्सीजन सिलेंडर भेंट किए गए। यह सराहनीय योगदान केवल एक दान नहीं, बल्कि स्वर्गीय श्री गोविंद लाल अग्रवाल के मानवीय मूल्यों, समाजसेवा एवं जनकल्याण की भावना को जीवंत रखने का एक अनुकरणीय प्रयास है। स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में किया गया यह सहयोग क्षेत्र के नागरिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

आज जब स्वास्थ्य सेवाओं को जनसहयोग की आवश्यकता है, ऐसे समय में अग्रवाल परिवार की यह पहल समाज और स्वास्थ्य संस्थानों के बीच मजबूत साझेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है। यह संदेश देती है कि सामुदायिक विकास केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक जागरूक नागरिक का भी दायित्व है। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साल्हेवारा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रकाश वर्मा ने अग्रवाल परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनस्वास्थ्य से जुड़े कार्यों में समाज की सहभागिता सकारात्मक सामाजिक चेतना का प्रतीक है। ऐसे सहयोग से न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलती है, बल्कि समाज में सेवा, परोपकार एवं मानवीय संवेदनाओं का विस्तार भी होता है।

जिला स्वास्थ्य समिति, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ने भी श्री संदीप अग्रवाल एवं श्री आभास अग्रवाल के इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। समिति ने विश्वास जताया कि समाज एवं स्वास्थ्य संस्थानों के मध्य ऐसा सकारात्मक सहयोग भविष्य में भी जनकल्याण के कार्यों को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा। स्वर्गीय श्री गोविंद लाल अग्रवाल की पुण्य स्मृति में किया गया यह कार्य निस्संदेह इस बात का प्रमाण है कि किसी व्यक्ति की महानता केवल उसके जीवनकाल तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उसके संस्कार और आदर्श आने वाली पीढ़ियों को भी समाजसेवा के लिए प्रेरित करते रहते हैं। सच्ची श्रद्धांजलि वही है, जो किसी के जीवन मूल्यों को जनकल्याण के कार्यों के माध्यम से आगे बढ़ाए। सामुदायिक सहभागिता स्वस्थ, संवेदनशील और सशक्त समाज के निर्माण की आधारशिला है।

# निशा सिंह कृषि उपज मण्डी समिति अधिकारी कर्मचारी संघ मण्डी इकाई भाटापारा शाखा की अध्यक्ष चुनी गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 21 जून।** कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में पदस्थ राज्य मण्डी सेवा संवर्ग एवं मण्डी समिति सेवा संवर्ग के अधिकारी कर्मचारीयों के भाटापारा मण्डी ईकाई शाखा का निर्वाचन दिनांक 19 जून को मण्डी कार्यालय भवन के सभा कक्ष में संपन्न हुआ , इस निर्वाचन प्रक्रिया में नियमित अधिकारी कर्मचारी सचिव, मण्डी निरीक्षक, उपनिरीक्षक ,लिपिक वर्ग ,वाहन चालक ,भृत्य वर्ग की सहभागिता रही जिसमें मण्डी निरीक्षक सुश्री निशा सिंह का नाम अध्यक्ष पद के लिये प्रस्तावित किया गया , उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारीयों ने एक मत स्वर में सुश्री निशा सिंह के नाम को ध्वनि मत से स्वीकार करते हुये निविरोघ चुना गया । अधिकारी कर्मचारी संघ का अध्यक्ष बनने पर सुश्री निशा सिंह मडी निरीक्षक ने पांच सदस्यीय टीम चुना गया जिसमें उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पाल



उपनिरीक्षक , सचिव के लिये नरेन्द्रसाहू सहायक ग्रेड 3 एवं कोषाध्यक्ष के लिये मुरलीमनोहर यादव सहायक ग्रेड 1 व मीडिया प्रभारी हेतु वीरेन्द्र वर्मा भृत्य , सदस्य धर्मेन्द्र यदु को शामिल किया गया इसी प्रकार इस संघ के मार्गदर्शन हेतु संरक्षक के रूप में चुन्नीलाल ध्रुव सचिव वरिष्ठ ,प्रफुल्ल कुमार मांझी मंडी निरीक्षक , बालगोविंद कश्यप मंडीनिरीक्षक, मनोहर राव भोसले मंडी निरीक्षक एवं सत्यनारायण यादव उपनिरीक्षक ,श्याम लाल साहू उपनिरीक्षक को बनाया गया है । इस निर्वाचन में मण्डी समिति में कार्यरत समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी

**रायपुर, 21 जून।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर (हुगली) से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 23वीं किस्त जारी करते हुए किसानों के बैंक खातों में राशि का प्रत्यक्ष अंतरण किया। इस अवसर पर जांजगीर-चांपा जिले के कृषि विज्ञान केंद्र में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योजना के अंतर्गत जिले के 1,20,719 किसानों के डीबीटी बैंक खातों में कुल 24.15 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री द्वारा देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों को 18,880 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में जारी की गई। कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में किसानों ने प्रधानमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा। कार्यक्रम में कृषि विभाग के उप संचालक श्री राकेश कुमार शर्मा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी देते हुए किसानों को खरीफ मौसम में धान के साथ-साथ दलहन एवं तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## फ्लाई ओव्हर के नीचे से अतिक्रमण हटाया गया



**राजनांदगांव 21 जून।** जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सुथरा रख स्वच्छ वातावरण निर्मित करने अवैध रूप से रखे ठेला खोमचा हटाने समझाईस देकर समय समय पर कार्यवाही की गयी। वर्तमान में अनाधिकृत रखे ठेला खोमचा एवं व्यवसाय करने वालो के कारण फ्लाई ओव्हर के नीचे गंदगी फैल रही थी तथा आगामी बारिश में नाली में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो उसे ध्यान में रखकर निगम का अतिक्रमण अमला आज ठा.प्यारेलाल स्कूल के पास फ्लाई ओव्हर के नीचे ठेला खोमचा हटाने की कार्यवाही किए। अतिक्रमण हटाव अभियान के तहत फ्लाई ओव्हर के नीचे से ठेला खोमचा हटाने निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर आज नगर निगम की अतिक्रमण हटाव टीम के उप अभियंता श्री तिलकराज ध्रुव व श्री मोनेन्द्र साठिया, सह.उद्यान प्रभारी श्री दीलिप गिरी, समयपाल श्री चिराग मेश्राम, प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी व श्री गणेश झा तथा अमला जे.सी.बी. टिप्पर के साथ फ्लाई ओव्हर के नीचे पहुचे और ठा.प्यारेलाल स्कूल के सामने नीचे से अनाधिकृत रूप से रखे 6 ठेले खोमचे व दुकान संचालित करने वाले ठेला हटाया गया। कुछ लोगो ने स्वयं से ठेला हटाये। यह अभियान निरंतर जारी रहेगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अपील करते हुये कहा है कि जिन लोगों की वाहने फ्लाई ओव्रह के नीचे खडी है और जिनके द्वारा अनाधिकृत रूप से ठेला खोमचा व अन्य समान रखा गया है, वे कृपया स्वयं हटा लेवे, ताकि फ्लाई ओव्हर के नीचे साफसुथरा तथा व्यवस्थित रखा जा सके।

### डेका ने मरका गांव के स्कूल को दिया डिजिटल बोर्ड

**रायपुर,21 जून।** राज्यपाल श्री रमेन डेका ने लोकभवन में बेमेतरा जिले के ग्राम मरका के स्कूल के लिए डिजिटल बोर्ड प्रदान किया। श्री डेका ने ग्राम पंचायत मरका में संचालित शासकीय मीडिल स्कूल के बच्चों की सुविधा के लिए 65 इंच का यह स्मार्ट बोर्ड अपने स्वेच्छानुदान मद से प्रदान किया है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके स्कूल में शिक्षक उपलब्ध है लेकिन स्मार्ट बोर्ड नहीं था। अब यह सुविधा मिलने से स्कूल के बच्चे नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, प्रयास विद्यालय जैसे उत्कृष्ट विद्यालयों में प्रवेश के लिए तैयारी कर सकेंगे। ग्रामीणों ने राज्यपाल को जैविक रूप से उत्पादित दाल, चना एवं अन्य सामग्रियां भेंट की।

# सिटी फ्यूल्स पेट्रोल पंप से खतरा,हटाया जाए: गप्पू सोनकर

■ **सुरक्षा खतरे और हादसों का हवाला देकर प्रशासन से की कार्रवाई की मांग**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 21 जून।** लखोली वार्ड क्रमांक 31 के पूर्व पार्षद एवं भाजपा युवा नेता गप्पू सोनकर ने मठपारा रोड स्थित सिटी फ्यूल्स पेट्रोल पंप को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह पेट्रोल पंप अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र में संचालित हो रहा है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, आम नागरिक और विभिन्न शासकीय कार्यालयों में आने-जाने वाले लोग गुजरते हैं। लगातार हो रही दुर्घटनाओं और सुरक्षा संबंधी खतरों को देखते हुए उन्होंने जिला प्रशासन से पेट्रोल पंप के स्थानांतरण की मांग की है।



श्री सोनकर ने मठपारा रोड स्थित सिटी फ्यूल्स पेट्रोल पंप को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि यह पेट्रोल पंप आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंप के ठीक सामने से संबंधित विद्यालय के छात्र-छात्राएं प्रतिदिन आना-जाना करते हैं। इसके अलावा क्षेत्र के सैकड़ों नागरिक इसी मार्ग का उपयोग अपने दैनिक कार्यों के लिए करते हैं। श्री सोनकर ने कहा कि पेट्रोल पंप से कुछ ही दूरी पर विद्युत विभाग का कार्यालय स्थित है जहां रोजाना बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन बना रहता है। साथ ही आसपास के वार्डों के नागरिक भी इसी मार्ग से गुजरते हैं जिससे यह क्षेत्र हमेशा व्यस्त रहता है। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर बड़ी जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि पूर्व में इस स्थान पर तीन गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिनमें तीन लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। इन घटनाओं ने क्षेत्रवासियों की चिंता को और बढ़ा दिया है। उनका कहना है कि लगातार हादसों के बावजूद अब तक सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। उन्होंने ने यह भी कहा कि पेट्रोल पंप के आसपास मुस्लिम कब्रिस्तान, क्रिश्चियन कब्रिस्तान और हिंदू मुक्तिधाम स्थित हैं। अंतिम यात्रा के दौरान भी लोगों को इस मार्ग पर कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यातायात का दबाव और पेट्रोल पंप की स्थिति कई बार अव्यवस्था की वजह बनती है जिससे आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। श्री सोनकर ने आरोप लगाया कि पेट्रोल पंप को लेकर पूर्व में भी कई घटनाएं और शिकायतें सामने आ चुकी हैं लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित पेट्रोल पंप प्रबंधन की होगी।

उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि जनहित और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस पेट्रोल पंप के संबंध में उचित निर्णय लिया जाए। साथ ही विशेषज्ञों की राय और सुरक्षा मानकों का परीक्षण कर आवश्यक होने पर पेट्रोल पंप को अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए ताकि क्षेत्रवासियों, विद्यार्थियों और राहगीरों को से संबंधित खतरे से राहत मिल सके। क्षेत्र में बढ़ती चिंताओं और पूर्व में घटित हादसों को देखते हुए अब स्थानीय नागरिकों की नजर जिला प्रशासन के निर्णय पर टिकी हुई है। लोगों का मानना है कि समय रहते उचित कदम उठाए जाने से किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका को टाला जा सकता है।

## जिलाबदर आदेश का उल्लंघन कर जिले में छिपे शातिर अपराधी को सिटी कोतवाली पुलिस ने दबोचा

**बलौदाबाजार 21 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** घटना का विवरण एवं पुलिस कार्रवाई :- दिनांक 19/06/2026 को थाना सिटी कोतवाली के निरीक्षक लखेश केवट एवं हमराह स्टाफ(प्र.आर. 225 देवेन्द्र देवांगन व अन्य) क्षेत्र में कानून व्यवस्था, ड्यूटी वारंटी एवं संदिग्धों की चेकिंग हेतु रवाना हुए थे। इसी दौरान मुखबीर से विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि पुराना आदतन अपराधी विलास चेलक उर्फ कानू (उम्र 25 वर्ष, निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार), जिसे जिला मजिस्ट्रेट बलौदाबाजार के आदेश क्र. 234/वाचक/जि.द./2026 दिनांक 13.03.2026 द्वारा 01 वर्ष के लिए जिला बलौदाबाजार तथा उसके राजस्व सीमा से लगे सीमावर्ती जिलों (बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, बेमेतरा, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़) से बाहर (जिला बदर) रहने का आदेश दिया गया था, वह आदेश का उल्लंघन कर चोरी-छिपे जिले की सीमा में प्रवेश कर संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। ?सूचना की तस्दीक पश्चात पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दिया गया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर मुस्तैदी से पकड़ा गया। वैधानिक कार्रवाई एवं धाराएं :- ?जिला मजिस्ट्रेट के वैध जिला बदर आदेश का स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्रमांक 497/2026 दर्ज किया गया। ?आरोपी का यह कृत्य धारा 14 छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 एवं धारा 223 बी.एन.एस. के तहत दंडनीय अपराध होने के कारण आरोपी विलास चेलक उर्फ कानू को दिनांक 19/06/2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## रामजी की सेवा करने का सौभाग्य मिला था तो सेवा करते

पांच सौ साल बाद रामलला का दिव्य,भव्य मंदिर अयोध्या में बना। रामलला चाहते थे पांच सौ साल अयोध्या में राममंदिर बने तो ठीक पांच सौ साल मंदिर बना और ऐसा मंदिर बना कि हर रामभक्त को देखने में अच्छा लगता है कि टाट में बरसों रहे हमारे रामलला का यह दिव्य मंदिर है।जो लोग वहां राम लला के दर्शन को जाते है, वह अपने आपको सौभाग्यशाली मानते हैं कि इस जन्म में हमको अयोध्या के भव्य मंदिर में विराजे राम लला के दर्शन हुए। जो राम भक्त है, जिनमें राम के प्रति आस्था है, वह मंदिर पहुंचते हैं तो उनको जो अनुभूति होती है, वह शब्दों में बताई नही जा सकती। ऐसे दिव्य स्थान में जो लोग मंदिर का काम कर रहे है, रामलला का काम कर रहे हैं उनको सोचना चाहिए कि उनका कितना बड़ा सौभाग्य है कि उनको राम लला की सेवा करने का मौका मिला है। करोड़ो लोगों में से उनको यह मौका मिला है। करोड़ों लोगों को जो मौका नहीं मिला वह अयोध्या के कुछ लोगों को मिला तो उनके लिए राम की सेवा से बढ़कर नगद रुपया,सोना चांदी ज्यादा अहम हो गया।धन का लोभ आदमी का पतित करता है, राम मंदिर राम सेवा का धन मिला हुआ है लेकिन बड़े दुर्भाग्यशाली लोग हैं वे जो राम सेवा के धन को छोड़कर तुच्छ नगद पैसे,सोना,चांदी के पीछे पागल हुए और उसका फल उनको आने वाले दिनों में मिलेगा।वह जरूर पछताएंगे कि हमसे ऐसी गलती कैसे हो गई।धन का लोभ जब होता है तो आदमी के लिए भक्ति,आस्था कोई मायने नहीं रखती है, धन ही सबसे अहम हो जाता है, आदमी के पास धन आने लगता है तो आदमी चाहता है कि और आए,औरआए और एक दिन इसी धन लोभ के कारण वह संकट में फंसता है और तब उसको लगता है कि उससे गलती हो गई है। राममंदिर बनने के बाद भक्तों का सैलाब रोज उमड़ने लगा तो राममंदिर में चढ़ावा भी बढ़ने लगा। देश से रोज हजारों लोग राममंदिर जाते हैं और कुछ न कुछ भक्तिभाव से चढ़ाते हैं तो वह रामजी की सेवा के लिए होता है, रामजी की सेवा करने वालों के लिए होता है।वह पैसा राममंदिर की तमाम व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए होता है। कुंभ से वक्त भीड़ बहुत बढ़ी और पहले से बहुत ज्यादा पैसा आने लगा तो राम सेवा में लगे लोगों के मन में पाप जगा होगा कि इतना ज्यादा पैसा आ रहा है तो इसमें थोड़ा बहुत हम ले लेंगे तो कम तो नहीं हो जाएगा। उन्होंने सोचा होगा कि हम लोगो को थोड़ा सा पैसा ले लेना तो समुद्र में से कुछ बूंद पानी लेने के समान है।जब भ्रष्टाचार अकेले किया जाता है तो उसका पता जल्दी चल जाता है लेकिन जब भ्रष्टाचार मिलजुल कर किया जाता है तो उसका चलता है और देर से चलता है।रामलला के धन का लोभ जिन लोगों ने किया आखिर उनके नाम अब सामने आ रहे हैं।एसआईटी जांच कर रही है और पूछताछ का काम चल रहा है। देश के तमाम रामभक्त चाहते हैं कि राम लला के धन का गबन जिन लोगों ने भी किया है, उनको कानून से कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि फिर कोई राम लला के धन का लोभ मंदिर में रहकर न कर सके।ऐसे धन लोभियों को समाज भी सजा देगा क्योंकि वह इससे बाद जहां भी जाएंगे उनको उनके किए गए पाप के कारण अपमान का सामना करना पड़ेगा।वैसे भी हिंदू समाज मानता है और जानता है कि राम विरोधियों को उनके किए की सजा जरूर मिली है।मुगलों ने अपमान किया,उनका नामोनिशां मिट गया।रामजन्मभूमि पर कब्जा करने वालों को मुंह की खानी पड़ी है, कांग्रेस को सत्ता से बाहर होना पड़ा है तो रामविरोध के कारण। मोदी व योगी सत्ता में आए हैं तो रामजी की कृपा से आए हैं और रामजी की कृपा से अभी कई दशक तक रामजी की सेवा करते रहेंगे। जो निस्वार्थ भाव से राम जी की सेवा करते हैं उनको मोदी व योगी की तरह उच्च पद की प्राप्ति होती है और जो राम सेवा को छोड़कर पद व पैसा का लालच करते हैं उनको जेल जाना पड़ता है, पद से वंचित होना पड़ता है। राम लला की सेवा करने वालों को राम लला के धन का मोह करते वक्त यह तो सोचना था कि कितनी बड़ी गलती कर रहे हैं और किसके राज में कर रहे हैं। रामजी तो पाप की सजा पापियों को देंगे ही और उन्होंने तो एक तरह से दे भी दी है कि उनके नाम सभी को पता चल रहे हैं कि यही लोग है जिन्होंने रामलला के धन का लोभ किया है।अभी ऐसे पापी लोगों को योगीराज में योगी की तरफ से सजा मिलनी बाकी है और योगी राज में ऐसा हो नहीं सकता कि कोई राम के धन का गबन करे और वह सजा से बच जाए।अयोध्या में जब राममंदिर ट्रस्ट बन रहा था तो यह मान लिया गया था राम लला के धन का कोई लोभ नहीं कर सकता। मंदिर में जो भी आएगा वह राम लला का होगा और कोई उसका लोभ नहीं करेगा। अब जब साफ हो गया है कि रामलला के धन का लोभ भी मंदिर में सेवा करने वाले कर सकते हैं तो ऐसी व्यवस्था करनी जरूरी है कि रामलला का धन का मंदिर में कोई गबन नहीं कर सके।राम लला के धन को कोई अपना धन समझने की भूल न करे।

**विशेष लेख**

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026: स्वस्थ जीवन और विकसित भारत का आधार बनेगा योग

●डॉ. दानेश्वरी सम्भाकर
उप संचालक, जनसंपर्क



भारत में प्राचीन काल से ही योग हमारी जीवनशैली और संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है। ऋषि-मुनियों, योगियों और संतों ने योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर, शांत मन और आध्यात्मिक चेतना का मार्ग दिखाया। भारतीय ज्ञान परंपरा की यह अमूल्य धरोहर आज विश्वभर में स्वास्थ्य और कल्याण का पर्याय बन चुकी है। इसी विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की, जो आज विश्वव्यापी जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है। वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "योग फॉर हेल्दी एजिंग" (स्वस्थ एवं सक्रिय वृद्धावस्था के लिए योग) रखी गई है। यह थीम योग के माध्यम से जीवन के प्रत्येक चरण में शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का संदेश देती है। योग न केवल रोगों से बचाव का प्रभावी माध्यम है, बल्कि स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली की आधारशिला भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने योग को वैश्विक पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व में योग आज विश्व के करोड़ों लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुका है। प्रधानमंत्री का मानना है कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाली जीवन पद्धति है। योग व्यक्ति को स्वस्थ बनाकर परिवार समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने का माध्यम बनता है इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर का मुख्य आयोजन कोलकाता में आयोजित किया जा रहा है जहां प्रधानमंत्री स्वयं योगाभ्यास का नेतृत्व करेंगे। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह अंबिकापुर में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय स्वयं योगाभ्यास में सहभागिता करेंगे और प्रदेशवासियों को नियमित योग अपनाकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देंगे। राज्य सरकार द्वारा योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, पंचायतों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय का मानना है कि स्वस्थ नागरिक ही विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति हैं। योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक संतुलन, सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। यही कारण है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य संवर्धन और जनजागरूकता अभियानों में योग को विशेष महत्व दे रही है।

प्राकृतिक संसाधनों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ में योग का संदेश लोगों के जीवन से सहज रूप से जुड़ता है। प्रदेश के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण जीवनशैली योग के मूल सिद्धांतों को प्रतिबिंबित करती है। विद्यालयों, महाविद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और शासकीय संस्थानों में नियमित योग गतिविधियों के माध्यम से स्वस्थ समाज निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान समय में बढ़ते तनाव, अनियमित जीवनशैली और विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के बीच योग एक सरल, सुलभ और प्रभावी समाधान के रूप में उभरा है। नियमित योगाभ्यास शरीर को निरोग, मन को शांत और जीवन को संतुलित बनाता है। यह व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान कर जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करता है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि योग को केवल एक दिवस का आयोजन न मानकर दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग को अपनाना समय की आवश्यकता है। आइए, योग के माध्यम से स्वस्थ छत्तीसगढ़, विकसित भारत और समृद्ध विश्व के निर्माण में अपना योगदान दें।

## राशिफल

मेष आज आपका मन काम में पूरी तरह नहीं लग पाएगा और छोटी-छोटी बातों से ध्यान भटक सकता है। काम की रफ्तार थोड़ी धीमी रहने से आपको खुद पर थोड़ा दबाव महसूस होगा। पिताजी के साथ किसी बात को लेकर हल्की नोकझोंक हो सकती है, लेकिन उनकी बातों को समझना और सम्मान देना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

वृषभ आज का दिन थोड़ी चुनौतियों के साथ शुरू हो सकता है। काम में मन कम लगेगा और कुछ लोग आपको भटकाने की कोशिश भी कर सकते हैं, लेकिन समझदारी इसी में होगी कि आप अपना ध्यान अपने लक्ष्य पर बनाए रखें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में पूरी एकाग्रता के साथ जुटना होगा, क्योंकि आने वाला समय मेहनत मांग रहा है।

मिथुन आज आर्थिक मामलों में किस्मत आपका अच्छा साथ दे सकती है। रुका हुआ या डूबा पैसा वापस मिलने की संभावना है, जिससे मन हल्का महसूस करेगा। बोलचाल में थोड़ा संयम रखना जरूरी होगा, क्योंकि आपकी कही गई बात किसी को चुभ सकती है। नए लोगों से संपर्क बढ़ेंगे और भविष्य में यही रिश्ते आपके काम आ सकते हैं।

कर्क आज का दिन थोड़ा उलझनों भरा रह सकता है। संतान की संगति और गतिविधियों पर नजर रखना जरूरी होगा। यदि आप अपने कामों के लिए दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहेंगे, तो मुश्किलें बढ़ सकती हैं। सामाजिक मामलों में लापरवाही आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाएं।

सिंह आज का दिन आपके लिए सफलता और आत्मविश्वास लेकर आएगा। जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें अच्छे परिणाम मिलने की पूरी संभावना है। संतान के भविष्य को लेकर आप कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं, जैसे नए कोर्स में दाखिला दिलाना। परिवार में धन से जुड़ा रुका हुआ काम भी पूरा हो सकता है।

कन्या आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और लोग आपकी मधुर वाणी से प्रभावित होंगे। बेवजह की चिंता आपके मन का संतुलन बिगाड़ सकती है, इसलिए छोटी बातों को दिल पर न लें। परिवार के बड़े सदस्यों की सेहत पर ध्यान देना जरूरी होगा। नया वाहन खरीदने का विचार आपके लिए शुभ साबित हो सकता है।

तुला आज का दिन आपके लिए नई उम्मीदें और सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा। कुछ नया करने की इच्छा मजबूत होगी और निवेश से जुड़े फैसलों में भी आप आगे बढ़ सकते हैं। संतान के करियर से जुड़ी परेशानियां धीरे-धीरे दूर होती नजर आएंगी। कार्यक्षेत्र में अपनी निजी या जरूरी बातें किसी से साझा करने से बचें।

वृश्चिक आज का दिन थोड़ा उलझनों और मेहनत से भरा रह सकता है। काम ज्यादा रहेगा, लेकिन उसके अनुसार परिणाम न मिलने से मन में बेचैनी हो सकती है। पूजा-पाठ और आध्यात्मिक कार्यों में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा।

धनु आज हर काम सोच-समझकर करने की जरूरत होगी। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई मामला आपको परेशान कर सकता है और उसके लिए बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में लापरवाही से बचना होगा। सेहत को लेकर थोड़ा सतर्क रहें और अपनी दिनचर्या पर ध्यान दें।

मकर आज नया काम शुरू करने के लिए समय अच्छा है। परिवार के रिश्तों में मजबूती आएगी और विरोधी आपकी बढ़ती पहचान देखकर खुद ही दूरी बना सकते हैं। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले लोगों को सतर्क रहना होगा। किसी और का वाहन चलाने से बचें, क्योंकि छोटी-सी गलती कानूनी परेशानी खड़ी कर सकती है।

कुंभ आज आपको अपनी कमाई और खर्चों के बीच संतुलन बनाकर चलने की जरूरत होगी। दिखावे में ज्यादा खर्च करना आगे परेशानी बढ़ा सकता है। किसी भी काम में जल्दबाजी करना नुकसानदेह साबित हो सकता है। विद्यार्थियों को परीक्षा के परिणाम से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है, जिससे घर में खुशी का माहौल बनेगा।

मीन आज सेहत को लेकर दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा और पुराने कर्ज को चुकाने का दबाव भी महसूस हो सकता है। घर में किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू होने से माहौल खुशियों से भर जाएगा। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जाने का मौका मिल सकता है.

## सू- दोकू क्र. 076

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.075 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य - 076

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | | 9 | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | ■ | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 075 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | ■ | म | री | ज | ■ | ■ | ■ |
| ग | ह | न | ता | ■ | ब | र | ब | स |
| ■ | की | ■ | धि | क्का | र | ■ | र | मा |
| ■ | का | ■ | का | ■ | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | ■ | स्त | र | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | दा | मि | नी |
| ना | ■ | ए | ह | ति | या | त | ■ | लां |
| वा | च | क | ■ | हा | ■ | ■ | खू | ब |
| ■ | ■ | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | ■ | र |

# योग है दुनिया के लिए भारत का शाश्वत अवदान

ललित गर्ग



आज जब पूरी दुनिया युद्धों, आतंकवाद, हिंसा, मानसिक तनाव, पर्यावरणीय संकट और नई-नई बीमारियों की चुनौतियों से घिरी हुई है, तब मानवता एक ऐसे मार्ग की तलाश में है जो केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा को भी संतुलित कर सके। ऐसे संक्रमणकाल में योग केवल एक व्यायाम पद्धति या स्वास्थ्य विज्ञान नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए आशा का प्रकाश-स्तंभ बनकर उभरा है। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज केवल भारत का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व का उत्सव बन गया है। भारत अनादिकाल से योग की भूमि रहा है। इस भूमि के कण-कण में ऋषियों, मुनियों, तपस्वियों और योगियों की साधना की सुगंध समाई हुई है। वैदिक ऋषियों से लेकर भगवान महावीर, भगवान बुद्ध, आदि शंकराचार्य, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गांधी, श्री अरविन्द, आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ तक, सभी ने योग को जीवन के उत्कर्ष और मानव कल्याण का आधार माना। योग ने भारत की आध्यात्मिक चेतना को ही नहीं गढ़ा, बल्कि विश्व को यह संदेश भी दिया कि मनुष्य का वास्तविक विकास भीतर से प्रारंभ होता है।

आज विश्व जिस दिशा में बढ़ रहा है, वह चिंता का विषय है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष, आतंकवाद की घटनाएं, साम्प्रदायिक तनाव और हथियारों की बढ़ती होड़ मानव सभ्यता को भय और असुरक्षा की ओर धकेल रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विज्ञान और तकनीक ने अभूतपूर्व सुविधाएं दी हैं, लेकिन इनके साथ विनाश की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। ऐसे समय में योग की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। योग मनुष्य को भीतर से शांत, संतुलित और संवेदनशील बनाता है। जब व्यक्ति के भीतर शांति होगी, तभी समाज और राष्ट्र में शांति का वातावरण निर्मित होगा। योग का मूल अर्थ ही है-जोड़ना। यह मनुष्य को मनुष्य से, आत्मा को परमात्मा से, व्यक्ति को समाज से और मानवता को सम्पूर्ण सृष्टि से जोड़ता है। योग विभाजन नहीं, एकता का दर्शन है। इसलिए वह हिंसा, घृणा, आतंक और संघर्ष का स्वाभाविक प्रतिरोधक है। जो व्यक्ति योग के माध्यम से अपने भीतर करुणा, प्रेम और अहिंसा का विकास करता है, वह किसी के प्रति द्वेष नहीं रख सकता। यही कारण है कि महात्मा गांधी की अहिंसा और भगवान महावीर का जीव-दया का संदेश भी योग की व्यापक चेतना से जुड़ा हुआ दिखाई देता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आज मानसिक तनाव, अवसाद, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, मोटापा और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में मनुष्य बाहरी उपलब्धियों के पीछे दौड़ रहा है, लेकिन भीतर से खाली और अशांत होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में योग एक समग्र चिकित्सा-पद्धति के रूप में सामने आया है। योग शरीर, मन और भावनाओं के बीच संतुलन स्थापित करता है। नियमित आसन, प्राणायाम और ध्यान व्यक्ति की प्रतिरक्षा शक्ति को बढ़ाते हैं, तनाव को कम करते हैं तथा मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी दुनिया ने अनुभव किया कि स्वस्थ जीवनशैली और मजबूत प्रतिरोधक क्षमता कितनी महत्वपूर्ण है। उस समय योग, प्राणायाम और ध्यान ने करोड़ों लोगों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज भी चिकित्सक और स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्वीकार करते हैं कि योग अनेक बीमारियों की रोकथाम और प्रबंधन में अत्यंत प्रभावी सहायक माध्यम है। यह दवाओं का विकल्प नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है।

योग की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल रोगों से मुक्ति नहीं देता, बल्कि जीवन को दिशा देता है। पातंजलि ने योग को "चित्तवृत्ति निरोध" कहा है। अर्थात् मन की चंचलता और विकारों पर नियंत्रण। जब मन नियंत्रित होता है, तब व्यक्ति में निर्णय क्षमता, धैर्य और आत्मविश्वास का विकास होता है। आज की पीढ़ी, जो तनाव, प्रतिस्पर्धा और डिजिटल व्यसनों के बीच जी रही है,



उसके लिए योग मानसिक संतुलन का सबसे सशक्त माध्यम बन सकता है। योग का एक महत्वपूर्ण पक्ष उसका नैतिक और मानवीय आयाम भी है। यम और नियम जैसे सिद्धांत सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, संयम और संतोष की शिक्षा देते हैं। यदि इन मूल्यों को व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में अपनाया जाए, तो हिंसा, भ्रष्टाचार, अपराध और सामाजिक विद्वेष जैसी समस्याओं में स्वाभाविक कमी आ सकती है। इसलिए योग केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और सामाजिक पुनर्निर्माण का भी अभियान है। भारतीय संस्कृति की वैश्विक स्वीकार्यता में योग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया जाना भारत की सांस्कृतिक शक्ति और विश्वसनीयता का बड़ा प्रमाण है। आज दुनिया के लगभग सभी देशों में योग का अभ्यास किया जा रहा है। यह केवल एक कूटनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा की वैश्विक विजय है। प्रधानमंत्री मोदी ने योग के साथ-साथ भारतीय अहिंसा, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, मिलेट्स आधारित भारतीय खानपान और "वसुधैव कुटुम्बकम्" की अवधारणा को भी विश्व मंच पर स्थापित करने का प्रयास किया है। यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण है कि भारत केवल आर्थिक या सैन्य शक्ति बनने का सपना नहीं देखता, बल्कि मानवता को स्वस्थ, संतुलित और शांतिपूर्ण जीवन का मार्ग दिखाने की क्षमता भी रखता है। यही "विश्वगुरु भारत" की अवधारणा का मूल है। भारतीय आयुर्वेद और योग का संबंध भी अत्यंत गहरा है। आयुर्वेद शरीर की चिकित्सा करता है, जबकि योग मन और चेतना को संतुलित करता है। दोनों मिलकर स्वस्थ जीवन की संपूर्ण व्यवस्था प्रस्तुत करते हैं। आज जब दुनिया रासायनिक दवाओं के दुष्प्रभावों और जीवनशैली जनित रोगों से चिंतित है, तब योग और आयुर्वेद एक वैकल्पिक नहीं, बल्कि पूरक एवं स्थायी समाधान के रूप में उभर रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि योग ने हर युग में एक मौन क्रांति को जन्म दिया है। इसने राजाओं को ऋषि बनाया, योद्धाओं को संत बनाया और सामान्य मनुष्यों को असाधारण व्यक्तित्व प्रदान किए। स्वामी विवेकानन्द ने योग के माध्यम से भारतीय अध्यात्म को विश्व के सामने रखा। महात्मा गांधी ने कर्मयोग और अहिंसा के बल पर एक साम्राज्य को चुनौती दी। श्री अरविन्द ने योग को मानव चेतना के विकास का साधन बनाया। यह सब योग की परिवर्तनकारी शक्ति के उदाहरण हैं। इसलिये योग दिवस उत्सव का नहीं, संकल्प का अवसर बने। विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, कार्यालयों, उद्योगों और सामाजिक संस्थाओं में योग को जीवनशैली के रूप में अपनाने की पहल हो। परिवारों में योग, ध्यान और सकारात्मक संवाद की संस्कृति विकसित हो। यदि व्यक्ति स्वस्थ होगा तो परिवार स्वस्थ होगा, परिवार स्वस्थ होगा तो समाज स्वस्थ होगा और समाज स्वस्थ होगा तो राष्ट्र एवं विश्व भी स्वस्थ और शांतिपूर्ण बन सकेगा।

योग और ध्यान की भारतीय परम्परा को आधुनिक युग की आवश्यकताओं के अनुरूप नई दिशा देने वाले महान दार्शनिक, चिंतक एवं आध्यात्मिक धर्मगुरु आचार्य महाप्रज्ञ का योगदान भी इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने 'प्रेक्षाध्यान' पद्धति के माध्यम से ध्यान की पारंपरिक अवधारणाओं को एक नया वैज्ञानिक एवं प्रयोगधर्मी स्वरूप प्रदान किया। सदियों से ध्यान मुख्यतः आध्यात्मिक साधना और मोक्ष के मार्ग के रूप में देखा जाता रहा था, किन्तु आचार्य महाप्रज्ञ ने उसे जीवन-विज्ञान, मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और व्यक्तित्व विकास से जोड़कर एक नई क्रांति का सूत्रपात किया। उनका मानना था कि मनुष्य यदि अपने शरीर, श्वास, चित्त, भावों और चेतना को 'प्रेक्षा' अर्थात् गहराई से देखना सीख जाए, तो उसके भीतर छिपी अनेक मानसिक विकृतियां स्वतः समाप्त होने लगती हैं। प्रेक्षाध्यान ने ध्यान को केवल साधु-संतों की साधना न रहने देकर सामान्य जनजीवन का हिस्सा बनाया। वर्तमान समय में मानवता जिस दोराहे पर खड़ी है, वहां योग केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गया है। यह शरीर को निरोग, मन को शांत, बुद्धि को निर्मल और आत्मा को जागृत करता है। यह युद्ध के स्थान पर शांति, हिंसा के स्थान पर करुणा और तनाव के स्थान पर संतुलन का मार्ग दिखाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का वास्तविक संदेश भी यही है कि मनुष्य बाहर की दुनिया को बदलने से पहले अपने भीतर की दुनिया को बदले। भारत ने योग के माध्यम से विश्व को एक अमूल्य उपहार दिया है। यदि मानवता इस उपहार का सही अर्थों में उपयोग करे, तो एक नई वैश्विक चेतना का उदय संभव है-ऐसी चेतना, जिसमें शांति हो, स्वास्थ्य हो, सह-अस्तित्व हो और समस्त मानवता के कल्याण का भाव हो। यही योग का स्वप्न है, यही भारत का संदेश है और यही भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता भी।




# कुछ देर की ख़ामोशी है,फिर शोर आएगा.... तुम्हारा सिर्फ वक्त आया है, हमारा दौर आएगा....

छग की राजधानी रायपुर में अचानक सियासी अटकलों का दौर उस समय तेज हो गया जब सभी मंत्री,सीएम आवास पहुंचने लगे। सीएम के अचानक मिले निर्देश से कई मंत्री कार्यक्रम रद्द कर रायपुर पहुंचना पड़ा है।बैठक में मंत्रियों के अलावा संगठन प्रमुख अजय जमवाल, राम प्रताप सिंह की भी मौजूदगी आगामी दिनों में कुछ बड़े बदलाव की और संकेत दे रही है। वैसे भी 4-5 मंत्रियों को ड्राप करने की चर्चा तेज है! इधर दावा किया जा रहा है कि बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई है। जिसमें सत्ता संगठन में तालमेल, मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा, छग में क़ानून व्यवस्था की स्थिति सहित कुछ मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा भी हुई.....?जानकारी के अनुसार बैठक में सरकार के ढाई साल के कार्यकाल की समीक्षा की गई, आगामी ढाई साल की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। विभिन्न विभागों से सुझाव लिए गये । साथ ही सरकार और संगठन के बीच बेहतर तालमेल को लेकर विचार- विमर्श किया गया। बैठक में मंत्री केदार कश्यप, गुरु खुश वंत साहेब, लक्ष्मी राजवाड़े, दयालदास बघेल सहित कई मंत्री शामिल हुए। अलावा उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री टंकराम वर्मा, लखनलाल देवांगन और श्याम बिहारी जायसवाल भी बैठक में पहुंचे थे, दरअसल पिछले कई दिनों से मंत्रिमंडल में फेरबदल की भी चर्चा चल रही थी। ऐसे में सीएम की अचानक बुलाई गई बैठक को लेकर कई तरह के सियासी कयास लगाए जा रहे हैं।मिली जानकारी के अनुसार, सीएम आवास पर दो दिन पहले भी कुछेक मंत्रियों की बैठक हो चुकी है।इस दौरान कई अहम मुद्दों को लेकर चर्चा की गई थी। इस दौरान सीएम ने कई मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर काम करने की सलाह दी थी। सीएम द्वारा अचानक बुलाई गई बैठक को लेकर सियासी अटकलें तेज हो गई है। बैठक को लेकर कई तरह के दावे किए जा रहे हैं।

### दूसरा विश्वयुद्ध जीतने की क्षमता बस्तर में..

दंतेवाड़ा के बैलाडिला खदान से जापान लौह अयस्क की आपूर्ति होती है। खबर है कि 11वीं शताब्दी में ही दक्षिण के चोलवंशीय राजाओं ने बैलाडिला की पहाडि़यों से लोह अयस्क का दोहन कर अस्त्र-शस्त्र बनाने का कार खाना खोल रखा था। मतलब बैलाडिला में लोहे की उपलब्धता की जानकारी बस्तर के आदिवाासियों को थी और पत्थरों से लोहा निकालने की तकनीक से वाकिफ थे। लोहा निकालने के उस समय के औजार विधि,लोहा निर्मित कलाकृतियों से अभी भोपाल के मानव संग्रहालय में साक्षात्कार किया जा सकता है। 19 वीं सदी में ख्याति प्राप्त भूगर्भ शास्त्री ने बैलाडिला में लौह खनिज की खोज करने पहुंचे थे,1933-34 में जियो लाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के क्रुक शॉक ने सर्वेक्षण कर भूगर्भीय मानचित्र बनाया था, 14 पहाड़ी क्षेत्रों (भंडारों- डिपाजिट) को चिन्हित किया था। भारत में लौह अयस्क पर अध्ययनरत टोक्यो (जापान) विश्व विद्यालय के प्रो.एउमे उरा ने बैलाडिला में उच्चकोटी लौहअयस्क की उपलब्धता से अवगत कराया था। 1960 में भारत सर कार और जापानी इस्पात मिलों के संग ठन के मध्य अनुबंध के तहत बैला डिला से 40 लाख टन और किरिवूरू (उड़ीसा) से 20 लाख टन कच्चे लोहे का निर्यात जापान में किया जाना तय हुआ।दरअसल बैलाडिला में मिलने वाला लौह अयस्क 'फ्लोर ओर' कहलाता है जो सतह पर ही मिलता है, बैलाडिला से समीपस्थ बंदरगाह विशाखापट्नम जोडने के लिये 448 किलोमीटर लंबे रेलमार्ग का निर्माण किया गया। 87 बड़े- बड़े पुल, 8 डिग्री की मोड़ लिये कुल 150 फीट ऊंचे खंबे बने, 1236 छोटे पुलिये, 14 किमी लंबी सुरंगें , 1962 में बननी शुरू हुई,1964 में 55करोड़ की लागत से बन गई।आज बनती तो 5500 करोड़ खर्च होना तय था।विशाखा पट्टनम में जापान के जहाज लंगर डाल कर खड़े होते थे। किरंदुल से रेलगाड़ी पहुंचती थी,जहाज की गोदी में ही लौह अयस्क उलट दिये जाते थे। बाद में एस्सार वाले बैलाडिला लौह अयस्क को चूर्ण रूप में (पानी के साथ) पाईप लाईन माध्यम से विशाखापट्टनम पहुंचाने में सफल रहे पर कभी कभी नक्सलवाद के समर्थक इस पाईप लाईन को अवरूद्ध कर देते थे,एकजापानी प्रतिनिधि मंडल 1964 के आसपास बैलाडिला आया था वहां के लौह अयस्क के उच्च स्तर को देख कहा था... इन पहाडि़यों में यदि एक भी पहाड़ी हमारे जापान में होती तो हम दूसरा विश्वयुद्ध नहीं हारते..इसका मतलब तो यही है बस्तर में विश्वयुद्ध जीतने के संसाधन मौजूद हैं...।






### बिजली मँहगी,अपना पावर हॉउस क्यों नहीं!

साय सरकार द्वारा बिजली की दर पाँचवी बार बढ़ाने, भूपेश सरकार द्वारा 400 यूनिट की खपत 50त्न की छूट समाप्त करने तथा नया स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर कॉग्रेस हमलावर है, छग में कोयला, पानी हमारा है फिर बिजली मँहगी क्यों...? छग विधुत मंडल में आईएएस अध्यक्ष बनना ही सरकार विकल्प मानती है, मण्डल के रिटायर इंजिनियर को क्यों मौका नहीं दिया जाता, पहले सीएम तथा आईएएस अजीत जोगी ने रिटायर इंजिनियर गोपाल तिवारी को अध्यक्ष बनाया था और वे ज़ब हटे तो 1200 करोड़ की एफ्डी छोड़ गये गये थे 2002-3 में,इसके कुछ सालों तक लगातार विधुत मण्डल घाटे में बताकर बिजली महंगी की जाती रही है। आज छग ठुह्लश्चष् से 1? महँगी बिजली खरीदती है, निजी बिजली भी मँहगी ही पड़ती है, पर छग सरकार खुद का पॉवर हॉउस क्यों नहीं लगाती है...? छग में कोयला है, पानी है,बिजली उत्पादन की पूरी क्षमता है। छग सरकार कहती है कि पैसा नहीं है, चुनाव जीतने महतारी वंदन योजना के लिये पैसा है..? इधर लाईन लास भी 15 -16त्न जबकि गुज रात में यह 3त्न है....सरकार को अपना पावर हॉउस स्थापित करना ही होगा।



### रायपुर और नवा रायपुर अब जुड़ेंगे...

नया-पुराना रायपुर अब दोनों आपस मेंमिलकर एक विशाल महानगर (मेट्रोपोलिस) के रूप में विकसित हो रहे हैं। सरकार की 'कनेक्टिंग टाउन' योजना, नए मास्टर प्लान के तहत दोनों के बीच के खाली क्षेत्रों को तेजी से विकसित कर बसाया जा रहा। ?735 करोड़ की परियोजना का मुख्य उद्देश्य रायपुर - नवा रायपुर के बीच की लगभग 25 किलोमीटर की दूरी और खाली स्थानों को खत्म करना है। इसके तहत एक्सप्रेस वे और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का जाल बिछाया जा रहा है।रायपुर का नया मास्टर प्लान 30 से 35 लाख की आबादी औरअगले 25-30 सालों की जरूरतों को ध्यान में रख कर बनाया गया है। दोनों शहरों के बीच के क्षेत्रों कोरेजिडेंशियल, लॉजिस्टिक,एजुकेशनल हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। दोनों शहरों के बीच यातायात को आसान बनाने एक्सप्रेस वे के साथ- साथ मेमू ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं और नए रेलवे स्टेशनों का निर्माण भी किया जा रहा है, मंत्रियों के बंगले, विधान सभा, प्रशासनिक कार्यालय नवा रायपुर में शिफ्ट हो चुके हैं,जिससे दोनों शहरों के बीच की बसाहट बहुत तेजी से बढ़ रही है।

### और अब बस...

» सीएम की अचानक बुलाई गई बैठक में गृहमंत्री विजय शर्मा को झारखण्ड दौरा रद्द कर आने को क्यों कहा गया?

»छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान में राहुल गाँधी के 21 जून को आने की चर्चा है।रायपुर में जिला, शहर कांग्रेस अध्यक्षों का मेगा ट्रेनिंग कैंप 21 जून से अभनपुर में शुरू होगा।

»भीषण गर्मी में एक महीने के भीतर छग में 200 से अधिक ट्रांसफार्मर बदलने पड़े हैं, जिनमें से 100 अकेले रायपुर के है।



## एक नजर

### स्कूलों में धार्मिक गतिविधि अनिवार्य करने के आदेश का विरोध, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**किरंदुल 21 जून 21 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दंतेवाड़ा जिले में आदिवासी सामाजिक संगठनों ने शासकीय विद्यालयों में धार्मिक गतिविधियों को अनिवार्य किए जाने संबंधी आदेश को निरस्त करने की मांग को लेकर मंगलवार को महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री और संस्कृति मंत्री को संयुक्त ज्ञापन सौंपा। सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष सुरेश कर्मा बल्लू भवानी के नेतृत्व में सर्व मूल बस्तरिया समाज के सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग का यह आदेश संविधान की धर्मनिरपेक्ष भावना, आदिवासी सांस्कृतिक अधिकारों और अनुसूचित जनजातियों के संवैधानिक संरक्षण के खिलाफहै। ज्ञापन में कहा गया कि सरकारी स्कूलों में किसी विशेष धर्म की गतिविधि अनिवार्य करना आदिवासी समुदाय के विश्वास और परंपरा पर सीधा हस्तक्षेप है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला पंचायत सदस्य सोमारु कड़ती सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष गीदम ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र बेट्टी सर्व आदिवासी समाज सचिव धीरज राणा मासा कुंजाम जे पी मरकाम ललित सोढ़ी राजू कड़ती,कारण तामो आदि सर्वमूल बस्तरिया के पदाधिकारीओ के संगठनों ने आदेश तत्काल वापस लेने की मांग की है।

### शासकीय बाल गृह में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**जगदलपुर, 21 जून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय बाल गृह (बालक एवं बालिका) जगदलपुर में योगाभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में संस्था में निवासरत बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। बाल गृह (बालक) में योग प्रशिक्षक सुश्री सावित्री पांडेय एवं योग शिक्षिका सुश्री मानशी गजेंद्र ने बच्चों को योगाभ्यास कराया, जबकि बाल गृह (बालिका) में योग शिक्षिका इंदिरा पदमाकर ने योग प्रशिक्षण प्रदान किया। योग सत्र के दौरान बच्चों को योग के महत्व तथा इसके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेंद्र पाणिग्राही ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन की आधारशिला है। उन्होंने बच्चों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा नियमित रूप से योगाभ्यास करने का आह्वान किया।

## कलेक्टर ने गंगालूर,आवापल्ली क्षेत्र में शिक्षा स्वास्थ्य और सुविधाओं का लिया जायजा

■ निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और बैंक में एटीएम स्थापना के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 21 जून।** कलेक्टर विश्वदीप ने गुरुवार को गंगालूर एवं आवापल्ली क्षेत्र का व्यापक दौरा कर विभिन्न शासकीय संस्थानों, निर्माणाधीन भवनों तथा जनसुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए आमजन को बेहतर एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

दौरे की शुरुआत गंगालूर स्थित पोटाकेबिन के निरीक्षण से हुई, जहां कलेक्टर ने आगामी शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पूर्व विद्यार्थियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवासीय व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र गंगालूर तथा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित गंगालूर का अवलोकन कर सहकारी गतिविधियों एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने किसानों के हितों से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने पर बल दिया। उनकी समस्याओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बेहतर उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पुसनार (गंगालूर) स्थित प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण व मुदवेंडी में कलेक्टर एवं ने नव-निर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बेहतर शैक्षणिक अधोसंरचना बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी तथा ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को और सुदृढ़ बनाएगी। आवापल्ली में सहकारी बैंक के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बैंकिंग सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैंक परिसर में शीघ्र एटीएम मशीन स्थापित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए, जिससे लोगों को स्थानीय स्तर पर ही सुगम बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध हो सकें। कलेक्टर ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सहकारिता तथा आधारभूत सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। उनके निरीक्षण एवं निर्देशों से विभिन्न विकास कार्यों और जनसेवाओं की गुणवत्ता में सुधार आने की उम्मीद व्यक्त की जा रही है।

## रायगढ़ जेल में युवक की मौत की निष्पक्ष जांच और 1 करोड़ रुपये मुआवजे की मांग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कोंडागांव, 21 जून।** रायगढ़ जिला जेल में 30 वर्षीय युवक संजय बघेल की मौत के मामले में अखिल भारतीय सतनामी समाज जिला कोंडागांव ने निष्पक्ष जांच एवं पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की मांग की है। इस संबंध में शुक्रवार को समाज के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

समाज के प्रतिनिधियो ने जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक श्री पंकज चंद्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम नवापारा, रायगढ़ निवासी संजय बघेल को 10 जून 2026 को आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। गिरफ्तारी के तीन दिन बाद उनकी मृत्यु की सूचना परिजनों को दी गई। परिजनों का आरोप है कि गिरफ्तारी के समय संजय पूरी तरह स्वस्थ थे, जबकि मृत्यु के बाद शव पर कई स्थानों पर चोट के निशान दिखाई दिए। इससे मौत की परिस्थितियों को लेकर संदेह उत्पन्न हुआ है। समाज ने मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले पुलिस एवं जेल कर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि मृतक अपने पीछे पत्नी एवं दो बेटियों को छोड़ गए हैं। इनमें से एक बेटी हृदय रोग से पीड़ित है और उसका उपचार जारी है। ऐसी स्थिति में परिवार के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। समाज ने परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा एवं उपचार को ध्यान में रखते हुए एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में भी रायगढ़ जेल में इस प्रकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिससे आमजन में चिंता और आक्रोश का माहौल है। उन्होंने सरकार से मामले में शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को राहत प्रदान करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के जिला संरक्षक श्री लखमूराम टंडन, जिला संरक्षक श्री शानू मारकंडे, जिला उपाध्यक्ष श्री भागवत प्रसाद चतुर्वेदी, श्री गुरुचरण मारकंडे, अंबेडकर वार्ड समाज प्रमुख श्री सोनू बंजारे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान से अंतिम व्यक्ति तक पहुँचेगा सुशासन : किरण देव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 21 जून।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जल्द ही शुरू किए जाने वाले 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान का स्वागत करते हुए इसे राज्य के विकास और सुशासन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। श्री देव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार का लक्ष्य केवल जनकल्याणकारी योजनाएँ बनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक उसका लाभ शत-प्रतिशत पहुँचे। अक्सर कई पात्र लोग किसी-न-किसी कारणवश सरकारी योजनाओं के दायरे से बाहर रह जाते हैं। ऐसे वंचित लोगों की तलाश के लिए सरकार खुद उनके द्वार तक पहुँचेगी और प्रशासनिक तंत्र को गाँव और वार्ड स्तर तक पूरी तरह सक्रिय करेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि बस्तर और अन्य दूरस्थ क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं की पहुँच बढ़ाने के लिए शुरू की गई महत्वाकांक्षी 'नियद नेल्लानार' योजना के अनुभवों के आधार पर ही 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान की अवधारणा तैयार की गई है। अब इस सफल मॉडल को व्यापक स्तर पर लागू किया जा रहा है, जिससे प्रदेश के हजारों गाँवों और लाखों परिवारों तक सीधे पहुँच बनाकर पात्र लोगों को लाभान्वित किया जा सके। श्री देव ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि यह अभियान पारंपरिक प्रशासनिक तौर-तरीकों के बजाय पूरी तरह तकनीक आधारित कार्यक्रम होगा। इसमें विभिन्न सरकारी विभागों के डाटा का समन्वय कर सेवा वितरण की रियल-टाइम निगरानी की जाएगी। डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी और योजनाओं की प्रगति का नियमित मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। यह महा-अभियान प्रदेश के चार प्रमुख संभागों–रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और सरगुजा के 23 जिलों में व्यापक रूप से चलाया जाएगा। श्री देव ने कहा कि 'विकसित छत्तीसगढ़' का लक्ष्य केवल आधारभूत ढाँचे के निर्माण से हासिल नहीं किया जा सकता, बल्कि इसके लिए हर नागरिक का सशक्तीकरण जरूरी है। 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान राज्य के समग्र और समावेशी विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

### कांकेर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**कांकेर 21 जून।** सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर वंदना की प्रस्तुती हुई। तत्पश्चात विद्यालय की आचार्या श्रीमती रेणुका जैन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत 21 जून 2015 को की गई थी। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा संयुक्त राष्ट्र सभा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने का प्रस्ताव लाया गया था। जिसे 177 देशों का समर्थन प्राप्त हुआ था। तब से प्रति वर्ष 21 जून को हम योग दिवस मनाते आ रहे हैं। उत्तरी गोलार्ध पर 21 जून का दिन सबसे अधिक लंबा दिन माना जाता है। योग सुदीर्घ व स्वस्थ जीवन का प्रतीक है। शारीरिक मांनसिक व आध्यात्मिक दृष्टि से योग एक महत्वपूर्ण क्रिया है। प्राचार्य श्री भूपेंद्र तिवारी ने योग को भारतीय संस्कृति का प्रतीक बताया और कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार को विश्व में स्थापित करने में योग का विशेष योगदान है। हमारे ऋषि मुनी योग किया करते थे। तथा दीर्घायु जीवन पाया करते थे। हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। मुख्य वक्त ा व योग गुरु मोहन सेनापति ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण देन है। जो समाज को जोड़ने का कार्य करती है। यह हमारे मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने योग की क्रियाएँ करवाई।जिसमें घुटना संचालन, गति संचालन, ताड़ासन, शवासन, वज्रासन, शशांक आसन,कपालभाति, भामरी प्राणायाम, अनुलोम विलोम, आदि विभिन्न योग की क्रियायें शामिल थी। अंत में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।



## 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी 21 जून।** विकास खंड नगरी जिला में कलेक्टर और जिला आबकारी अधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के तहत जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और विक्रय पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला आबकारी विभाग द्वारा जिलेभर में लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों और गांवों पर विशेष नजर रखी जा रही है, ताकि अवैध कारोबारियों पर समय रहते शिकंजा कसा जा सके। हाल ही में 16 जून को कोपेडीह में 8 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी पर धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई थी। इसके बाद अब गहनासियार गांव निवासी हीरालाल के विरुद्ध 10 लीटर महुआ शराब मिलने पर आबकारी अधिनियम कि धारा 34(1)(ख),34(2) एवं 59(क) के तहत कार्रवाई किया। इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। यह कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक निशांत साधु के नेतृत्व में की गई। टीम में विवेक दीवान , अजय कश्यप, गिरजा शंकर बघेल, मुख्य आरक्षक मुरली सोनी, आरक्षक प्रशांत यादव, सोमी पालेश्वर, नीरज, राजकिशोर और कौशल मौजूद रहे। विभाग ने आमजन से भी अपील कीज्ञ है कि यदि कहीं अवैध शराब के निर्माण, भंडारण या विक्रय की जानकारी मिले, तो तुरंत विभाग को सूचित करें। कलेक्टर ने साफ कर दिया है कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# स्वस्थ तन, संतुलित मन और श्रेष्ठ विचारों का सार है योग

## 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा में मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**छुरा, 21 जून।** स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आदर्श पूर्व माध्यमिक शाला छुरा प्रांगण पर जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत छुरा के संयुक्त तत्वाधान में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। विकासखंड स्तरीय योगाभ्यास की जिम्मेदारी एससीईआरटी के राज्य स्तरीय योग प्रशिक्षक शंकर लाल यदु, भारत स्वाभिमान न्यास जिलाध्यक्ष संतराम कंवर, पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा, युवा भारत जिलाध्यक्ष मिथलेश सिन्हा, माय भारत जिला स्वयंसेवक नरेन्द्र साहू, शीतल ध्रुव को दी गई थी।

योगाचार्य शंकर लाल यदु द्वारा वंदना के साथ योग सत्र की शुरुआत की गई। योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा ने ओम की पवित्र ध्वनि द्वारा प्रणव प्राणायाम एवं संगठन मंत्र के साथ योग संगम एवं हरित योग का गणेश किया। संतराम कंवर द्वारा प्रोटोकॉल अनुसार शिथिलीकरण के अभ्यास ग्रीवाचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, स्कंध संचालन, खड़े होकर किए जाने वाले ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, बैठकर किए जाने वाले भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, वक्रासन, उत्तान मंडूकासन, शशकासन, पेट के बल लेटकर किए जाने वाले भुजंगासन, मकरासन, शलभासन, बालासन, पीठ के बल किए जाने वाले सेतुबंध आसन, पवन मुक्तासन, उत्तान पाद आसन, अर्ध हलासन, पूर्ण हलासन, शवासन का विधि पूर्वक अभ्यास कराया गया। आसनों के लाभ, सावधानी को बताया गया। शंकर लाल यदु ने अष्टांग योग को परिभाषित करते हुए कहा कि योग सेहत, शक्ति, संतुलन और सफलता की कुंजी है। योग तन, मन और आत्मा को जोड़ता है।

छत्तीसगढ़ योग आयोग के मास्टर ट्रेनर, पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष अर्जुन धनंजय सिन्हा ने ऊर्जा शक्ति के विकास के लिए प्राणायाम का अभ्यास कराया। कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, ध्यान, शीतली प्राणायाम का अभ्यास कराया। सिन्हा ने कहा कि योग करने से पूर्व, कब करें, कहां करें, कैसे करें, आसनों के लाभ, सावधानी आदि का विशेष ध्यान रखना चाहिए। विशेषज्ञ मार्गदर्शक की देखरेख में ही योग करना चाहिए। योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने सिंहासन, हास्यासन, शांति पाठ कराया। योगाचार्य नरेन्द्र साहू ने योगाभ्यास में विशेष सहयोग प्रदान किया। योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा ने नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने नशामुक्त छत्तीसगढ़, स्वच्छ छत्तीसगढ़, स्वस्थ छत्तीसगढ़, समृद्ध छत्तीसगढ़ का नारा बुलंद किया। विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सभापति लेखराज ध्रुवा ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक स्थिरता प्रदान करता है। योग आत्म संतुलन का मार्ग प्रशस्त करता है। हमें नियमित योग करना चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद ने कहा कि योग हमें संस्कृति, संस्कार और स्वाभिमान से जोड़ता है। योग, भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है। हमें स्वस्थ रहने के लिए नगर को स्वच्छ रखना होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश चंद्रवंशी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहला सुख निरोगी काया। जब शरीर स्वस्थ होता है तब जीवन के सभी कार्य सार्थक एवं सुखद होता है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने किया। योग शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं टी शर्ट भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर पंचायत के पार्षद सलीम मेमन, सभापति रजनी लहरे, गरिमा ध्रुव, पतंजलि योग समिति जिला संरक्षक यशवंत यादव, संवाददाता देवसिंग रात्रे, मेशनंदन पांडेय, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रेमदास मार्कण्डेय, सहायक मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.के. ध्रुव, प्राचार्य एन.सी. साहू, विनोद देवांगन, प्रधानपाठक जोहरा फातिमा कुरैशी, मुरारी राम देवांगन, कृषि विशेषज्ञ रोमन लाल ठाकुर, शंकर सारडा, निखिल साहू, रजत कुकरेजा, कयाराम यादव, वीरेंद्र ठाकुर, जितेंद्र पाटकर, विकास सोनी, चन्द्रभूषण निषाद, उमेश कुमार ढीढी, सौरभ, शुभम, कौशल, मनोज ठाकुर, पीटर मिंज, मनोज दुबे, एकलव्य शर्मा, कमलेश्वर सिन्हा, दानेश्वर निर्मलकर, सुभाष निर्मलकर, डिगेश्वरी गोस्वामी, लीना गोस्वामी, धनेश्वर नाग, परमेश्वर, वेदप्रकाश मरकाम, पीली बाई सहित सैकड़ो नगरवासियों ने योगाभ्यास का लाभ उठाया।

## एक नजर

### अडानी पावर प्लांट में चोरी की साजिश नाकाम, 4 आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा, 21 जून।** कोरबा जिले में सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत उरगा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अडानी पावर प्लांट पताढ़ी में चोरी की साजिश को नाकाम कर दिया। पुलिस ने मौके से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, प्लांट परिसर में सीसीटीवी कैमरों के जरिए संदिग्ध गतिविधियां नजर आने पर सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही उरगा पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने चोरी की नीयत से प्रवेश करना स्वीकार किया। इस मामले में थाना उरगा में अपराध दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत दें।

### ठेका कंपनी के अधिकारी पर धमकी का आरोप, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**कोरबा, 21 जून।** जिले की सिंघाली भूमिगत खदान में कार्यरत ठेका कंपनी पीएनसी के एक अधिकारी पर ग्रामीणों को धमकाने का आरोप लगाते हुए गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने से वे आक्रोशित हैं। ग्रामीणों के अनुसार कंपनी के अधिकारी केके सिंह ने उन्हें जान से मारने और जमीन में गाड़ देने जैसी धमकियां दीं। घटना के बाद शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। नाराज ग्रामीणों ने सुबह करीब 9 बजे बांकी मोंगरा–डेलवाडीह मार्ग के अरदा चैक पर चक्काजाम कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कंपनी और प्रशासन के खिलाफनारेबाजी की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि आरोपी के खिलाफकार्रवाई और लिखित आश्वासन मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

### कुख्यात बदमाश रज्जाक अली गिरफ्तार: जिलाबदर की तैयारी

**कोरबा, 21 जून।** जिले में अपराधियों के खिलाफसख्त रुख अपनाते हुए पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले में कुख्यात आरोपी रज्जाक अली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी के खिलाफअब राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) और जिला बदर की कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 15 जून 2026 को थाना सिविल लाइन रामपुर में अपराध क्रमांक 550/2026 के तहत आरोपी रज्जाक अली और उसके साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। प्रार्थी शिवबालक सिंह तोमर ने शिकायत में बताया कि जिला जेल कोरबा के पास पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने उनका रास्ता रोककर गाली–गलौज की और हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने लोहे के डंडों और अन्य हथियारों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस हमले में उनके दोनों पैरों सहित शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिविल लाइन रामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी रज्जाक अली को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# सड़क बनाने के लिए बिना अनुमति हो रहा था मिट्टी-मुरुम का उत्खनन, एसआरसी कंपनी पर प्रकरण दर्ज, चेन माउंटेन जब्त

## मुरुम के अवैध उत्खन्न पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 21 जून।** कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 19 जून को ग्राम पंचायत रोड़ोपाली, तहसील तमनार में मिट्टी एवं मुरूम के अवैध उत्खनन की शिकायत प्राप्त होने पर खनिज विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

जांच के दौरान पाया गया कि सड़क निर्माण कार्य में उपयोग के लिए बिना वैध अनुमति के मिट्टी एवं मुरूम का उत्खनन किया जा रहा था। शिकायत सही पाए जाने पर खनिज अमले ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त एसआरसी कंपनी की एक चैन माउंटेन मशीन मॉडल नंबर जेडएएक्सआईएस-220 एलसी.5 जी को मौके पर ही जब्त कर सील कर दिया।

खनिज विभाग द्वारा जब्ती की कार्रवाई के बाद पंचनामा तैयार किया गया तथा कंपनी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम-71 एवं खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21(1) एवं 21(4) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित कंपनी ने मिट्टी एवं मुरूम के परिवहन के लिए कलेक्टर खनि शाखा में कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं किया था और न ही खनिज परिवहन के लिए आवश्यक वैधानिक अनुमति प्राप्त की थी। विभाग ने इसे खनिज नियमों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए आगे की वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

### ठेकेदारों को चेतावनी, अवैध खनन पर जारी रहेगी सख्त कार्रवाई

खनिज विभाग ने जिले में निर्माण कार्य कर रहे सभी ठेकेदारों एवं एजेंसियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के खनिज के उत्खनन एवं परिवहन से पूर्व खनिज विभाग अथवा कलेक्टर खनि शाखा से आवश्यक अनुमति अवश्य प्राप्त करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि केवल वैध अभिवहन पास एवं रॉयल्टी पर्ची के माध्यम से ही खनिज परिवहन किया जाना चाहिए। इस कार्रवाई में खनि निरीक्षक अनुराग बड़ा सहित जिला रायगढ़ का खनिज अमला शामिल रहा। विभागीय अधिकारियों ने कहा है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाएगी।

# 24 जून को जिले की सभी पंचायतों में होगी विशेष ग्राम सभा

## प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण की प्रतीक्षा सूची का होगा सार्वजनिक वाचन और सत्यापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 जून।** कलेक्टर के निर्देश पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 जून 2026 को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (आवास प्लस 2.0) सर्वेक्षण से प्राप्त सिस्टम जनरेटेड स्थायी प्रतीक्षा सूची का सार्वजनिक वाचन एवं अवलोकन कराया जाएगा। ग्राम पंचायतों में सूची का प्रदर्शन कर ग्रामीणों के समक्ष उसका पाठन किया जाएगा तथा ग्राम सभा से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। अंतिम रूप से अनुमोदित सूची को आवास सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य चयन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और जनभागीदारी आधारित बनाना है, ताकि वास्तविक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विशेष ग्राम सभा में किसी भी नए हितग्राही का नाम सूची में नहीं जोड़ा जा सकेगा। ग्राम सभा केवल सिस्टम द्वारा तैयार सूची का सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन कर सकेगी। यदि किसी हितग्राही को ग्राम सभा के निर्णय या सूची में शामिल जानकारी पर आपत्ति होती है, तो वह निर्धारित दावा-आपत्ति अवधि के दौरान जिला पंचायत अथवा संबंधित जनपद पंचायत में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। दावा-आपत्ति संबंधी विस्तृत सूचना पृथक रूप से जारी की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें तथा निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही अपनी आपत्तियां दर्ज कराएं।

### 12 निष्कासन और 12 प्राथमिकता मापदंडों के आधार पर होगा पात्रता का परीक्षण

विशेष ग्राम सभा में आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के बाद प्राप्त सूची का सत्यापन केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा निर्धारित 12 निष्कासन मापदंडों के आधार पर किया जाएगा। इनमें पक्का मकान, दो से अधिक कमरों का घर, तीन या चार पहिया वाहन, यंत्रीकृत कृषि उपकरण, 50 हजार रुपये या उससे अधिक सीमा वाला किसान क्रेडिट कार्ड, सरकारी नौकरी, पंजीकृत गैर–कृषि उद्यम, 15 हजार से अधिक मासिक आय, आयकर या व्यावसायिक करदाता तथा निर्धारित सीमा से अधिक कृषि भूमि वाले परिवार शामिल हैं। वहीं पात्र हितग्राहियों की प्रतीक्षा सूची विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्धारित 12 प्राथमिकता मापदंडों के आधार पर तैयार की गई है। ग्राम सभा वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आवासविहीन, विधवा एवं दिव्यांग जैसे विशेष मामलों में आवश्यक संशोधन की अनुशंसा कर सकेगी।

### जिले में 1.31 लाख से अधिक गरीब परिवारों का हुआ सर्वे, अवैध वसूली पर होगी सख्त कार्रवाई

आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के तहत जिले में कुल 1 लाख 31 हजार 711 गरीब परिवारों का सर्वे किया गया है। इनमें जनपद पंचायत धरमजयगढ़ में 28, 524, घरघोड़ा में 11, 068, खरसिया में 24, 235, लैलूंगा में 19, 153, पुसौर में 18, 910, रायगढ़ में 14, 709 तथा तमनार में 15, 112 परिवार शामिल हैं। जिला प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण सूची में नाम जोड़ने, प्राथमिकता दिलाने अथवा योजना का लाभ दिलाने के नाम पर यदि कोई व्यक्ति राशि की मांग करता है या अवैध वसूली करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने जिले के सभी ग्रामीणों से विशेष ग्राम सभाओं में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## समाचार संक्षेप

# प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 11वीं की 54 रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री से होगा प्रवेश

■ 11 जुलाई को प्रवेश परीक्षा, ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 जून।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय, रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 11वीं की रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार कुल 54 रिक्त सीटों के लिए पात्र विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा 11 जुलाई 2026, शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित की जाएगी। विद्यालय द्वारा जारी सीट विवरण के अनुसार गणित एवं जीव विज्ञान संकाय में विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों के लिए सीटें आरक्षित की गई हैं। इनमें अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, विशेष पिछड़ी जनजाति तथा सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को अवसर मिलेगा।

**वेबसाइट पर उपलब्ध है आवेदन प्रक्रिया, निर्धारित समय में करें आवेदन:** इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट prayas-raigarh.in पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों का अध्ययन कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह निर्धारित नियमों एवं पात्रता शर्तों के अनुसार संपन्न की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए विद्यालय के डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रीतम पटेल से मोबाइल नंबर 6268246268 पर संपर्क किया जा सकता है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग रायगढ़ ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से समय-सीमा के भीतर आवेदन करने और प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने की अपील की है।

# पीएम–किसान योजना की 23वीं किस्त जारी, किसानों में उत्साह



■ कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ में हुआ सीधा प्रसारण, किसानों ने देखा कार्यक्रम

■ सांसद राठिया ने पीएम-किसान योजना को बताया ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाली ऐतिहासिक पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 21 जून।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 23वीं किस्त आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, जिला-हुगली से आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम के दौरान जारी की गई। इस अवसर पर देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18, 880 करोड़ रुपए की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। प्रत्येक पात्र किसान के खाते में 2 हजार रुपए की राशि भेजी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती अपनाने, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेती को अधिक लाभकारी और टिकाऊ बनाने के लिए तकनीक आधारित और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना आवश्यक है।

रायगढ़ स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर जीवर्धन चौहान तथा सभापति डिग्रीलाल साहू भी उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में किसान एवं कृषक महिलाएं भी शामिल हुईं। किसानों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यानपूर्वक सुना और योजना के अंतर्गत प्राप्त आर्थिक सहायता पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### कृषि वैज्ञानिकों ने दी तकनीकी जानकारी

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र रायगढ़ के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.बी.एस.राजपूत, उपसंचालक कृषि अनिल वर्मा सहित सभी वैज्ञानिक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य, जल संरक्षण और आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। पूरे आयोजन के दौरान किसानों में विशेष उत्साह देखा गया और उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## तिलक-आरती के साथ स्कूल में हुआ विद्यार्थियों का स्वागत, यूनिफार्म एवं किताबों का किया गया वितरण

# सामारूमा में उत्साह और उल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

### सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को मिली साइकिलें



**रायगढ़, 21 जून।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर आज हाई स्कूल सामारुमा में शाला प्रवेश उत्सव एवं सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में प्राइमरी, मिडिल एवं हाई स्कूल सामारुमा की स्कूल प्रबंधन एवं विकास समितियों की अध्यक्ष शकुंतला यादव, प्रेमदास वैष्णव एवं गुलामन चौहान सहित प्रदीप सोनी एवं सुरुचि साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का रोली-चंदन का तिलक लगाकर, आरती उतारकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं यूनिफॉर्म का वितरण किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान हाई स्कूल सामारुमा के प्राचार्य नरेंद्र कुमार चौधरी ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, नवाचारों एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यालय का कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। प्राचार्य ने अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष विद्यार्थियों की कम उपस्थिति की समस्या भी रखी तथा सभी से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी संभव है जब विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित होकर शिक्षण गतिविधियों में भाग लें। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों को साइकिल वितरण रहा।

एक नजर

### खनिज़ विभाग ने 7 दिन में 13 प्रकरण दर्ज कर 2 लाख से अधिक की अर्थदंड वसूला



**बलौदाबाजार 21 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज उ उत्खनन,परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। विगत 7 दिन में कुल 13 प्रकरण दर्ज किया गया जिसमें 2 लाख 38 हजार रुपये अर्थदण्ड वसूल किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज रेत के अवैध उत्खनन के कुल 02 प्रकरण एवं परिवहन के कुल 13 प्रकरण दर्ज किया गया है।इसमें से 1 प्रकरण सोनपुर तहसील सोनाखान में दर्ज किया गया जिसमे 2 चैन माउंटेन मशीन को सील कर अवैध उत्खननकर्ता से कुल रू. 2,38,000/- अर्थदण्ड राशि की वसूली की गई है। परसापली तहसील लवन में महानदी क्षेत्र में 1 चैन मांउटेन मशीन एवं 3 हाइवा को कार्यवाही में जब्त किया गया।इसके अतिरिक्त थाना सिमगा क्षेत्र में खनिज टास्क फोर्स दल के द्वारा रेत से भरी 11 हाइवा पर अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग का प्रकरण दर्ज किया गया है। खनिज विभाग द्वारा जिला में खनिजों के अवैध परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही से लगभग बीस लाख रूपये खनिज राजस्व के वसूल करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

### योग जीवन के संतुलन का आधार है: संजय श्रीवास्तव

**रायपुर 21 जून।** संजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष, नागरिक आपूर्ति निगम ने 12 वें अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस, के अवसर पर निगम मुख्यालय नवा रायपुर में आयोजित योग शिविर में भाग लिया। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष के साथ नागरिक आपूर्ति निगम के समस्त अधिकारी/कर्मचारी प्रातः निगम अध्यक्ष के साथ-साथ योग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। योग प्रशिक्षण उपरांत संजय श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को सबोधित करते हुए कहा कि यह दिन लोगों के बीच योग का महत्व और लोगों के बीच जागरूगता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है। योग दिवस का उद्देश्य सभी लोगों को योग से जोड़ना और उन्हें स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रेरित करना है। योगाचार्य जितेन्द्र कुमार अग्रवाल, डिप्टी एजीएम नान द्वारा योग प्रशिक्षण प्रदान किया गया। निगम अध्यक्ष ने बताया कि भारत के यशवस्वी प्रधानमंत्री मान. नरेन्द्र मोदी जी ने सन् 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था तब से ही प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग दिवस हर साल अलग-अलग थीम पर मनाया जाता है। 12 वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का थीम योग फॉर हेल्दी एजिंग रखा गया है। इस थीम का मुख्य उददेश्य बढती उम्र में भी योग के माध्यम शारिरिक फिटनेश, मानसिक संतुलन, सक्रिय जीवनशैली और बेहतर जीवन गुणवत्ता को बढावा देना है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि योग केवल युवाओं के लिए ही नहीं, बल्कि बढ़ती उम्र में भी बेहतर स्वास्थ, सक्रिय जीवनशैली और आत्मनिर्भरता बनाए रखने का जरिया है। अंत में उन्होंने सभी को संबोधित करते हुए कहा की योग मनुष्य को तनाव मुक्त करने के साथ-साथ मानसिक शांति प्रदान करता है जिससे मनुष्य शाररिक और मानसिक रूप से अपने आप को स्वस्थ महसूस करता है।



### निधन

**बिन्नी शर्मा**

**रायपुर।** श्रीमति बिन्नी शर्मा समता कॉलोनी का दुःखद निधन शनिवार देर रात्रि में हो गया! वे स्व. डॉक्टर सत्येंद्र मोहन शर्मा की धर्मपत्नी तथा प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सक व मिश्रा फार्मेसी के संचालक स्व.कविराज डॉक्टर छगन लाल शर्मा की बहू थी।क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ( सेवा निवृत खनिज अधिकारी )की माँ थी । वे अपने पीछे भरापुरा परिवार ज्येष्ठ पुत्र राजेश शर्मा दो पुत्री श्रीमती रंजना पांडेय,श्रीमति अर्चना तिवारी के साथ नातिन /नाती डॉक्टर तान्या तिवारी,डॉक्टर संजना शर्मा डॉक्टर साहित्या डुक्क पांडेय ,सृजन शर्मा, शुभम शर्मा शिवम शर्मा बिलखता छोड़ गयी ! अंतिम संस्कार महादेव घाट श्मशान गृह में किया जायेगा तथा प्रातः 10 बजे समता कॉलोनी से शवयात्रा निकलेगी।



# शासकीय स्कूलों में उत्साह से मनाया गया योग दिवस

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 21 जून।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सासाहोली ओर बी एन बी हाई स्कूल नेवरा में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सासाहोली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सासाहोली में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप शाला विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती रानी सौरभ जैन, प्राचार्य सुभाष शर्मा, समिति के सदस्य सौरभ जैन, अमरजीत पासवान,व्याख्याता अशोक बघेल, व्याख्याता नीता डहरिया, एवं विद्यार्थियों व शिक्षकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर नियमित योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती रानी सौरभ जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। उन्होंने बच्चों से प्रतिदिन योग एवं प्राणायाम करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अनुशासित जीवन जीने का संदेश दिया। बीएन बी हाई स्कूल नेवरा में जन भागीदारी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा सौरभ जैन डॉ लक्ष्मण साहू आनंद शर्मा अमित अग्रवाल विद्यालय के प्राचार्य राजेश चंदनानी ओर विद्यालय के शिक्षक ओर शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं उपस्थिति रही मां सरस्वती देवी की पूजा कर प्राथना के साथ सूर्य नमस्कार सहित अनेक योगा करवाया गया आभार डॉ लक्ष्मण साहू ने व्यक्त किया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा उनके स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया और योग के महत्व को समझा। विद्यालय परिवार ने उनके प्रेरणादायी उद्बोधन के लिए आभार व्यक्त किया।






# जैविक खेती, आधुनिक तकनीक और बेहतर बाजार व्यवस्था से बढ़ेगी किसानों की आय : सीएम साय

**रायपुर, 21 जून।** किसानों की समृद्धि ही विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशिला है। आधुनिक कृषि तकनीकों, बेहतर फसल चयन, प्राकृतिक एवं जैविक खेती तथा सुदृढ़ बाजार व्यवस्था के माध्यम से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। कृषि केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसानों को समृद्ध बनाए बिना विकास का लक्ष्य पूर्ण नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कुनकुरी में आयोजित जैविक किसान मेला एवं खेत बचाओ अभियान अंतर्गत प्राकृतिक एवं जैविक खेती कार्यशाला को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरता तथा मानव स्वास्थ्य दोनों प्रभावित होते हैं। उन्होंने किसानों से प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि पूर्व में गोबर खाद, ढैंचा एवं अन्य हरी खादों के उपयोग से खेती अधिक टिकाऊ और भूमि अधिक उपजाऊ रहती थी। आज आवश्यकता है कि परंपरागत ज्ञान और आधुनिक तकनीक का समन्वय कर कृषि को अधिक लाभकारी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों और उर्वरकों के आयात पर निर्भरता को देखते हुए नैनो यूरिया और नैनो डीएपी जैसे विकल्प किसानों के लिए उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। इनके उपयोग से उत्पादन लागत कम होती है और मिट्टी की गुणवत्ता भी संरक्षित रहती है।



कार्यक्रम में किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक कृषि, आधुनिक कृषि यंत्रों, ड्रोन तकनीक, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने विभिन्न कृषि प्रदर्शनों का अवलोकन कर विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त की तथा किसानों से संवाद भी किया। कार्यक्रम में ड्रोन के माध्यम से खेतों में दवा छिड़काव का लाइव प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। किसानों ने आधुनिक कृषि तकनीकों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और उनके उपयोग से होने वाले लाभों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही कृषि नवाचारों, जैविक खेती, पशुपालन एवं मत्स्य पालन से संबंधित जीवंत प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।

कार्यक्रम में आयोजित किसान प्रतियोगिता के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सम्मानित किया। ग्राम खोंगा (मनोरा) के किसान श्री महेश सिंह को जैविक खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। ग्राम लाखाझार के किसान श्री सुखराम को 33 किलोग्राम वजन के कटहल उत्पादन तथा ठेठेटांगर के किसान श्री विजय भूषण को ढाई किलोग्राम वजन के आम उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने स्वामित्व योजना के तहत कृषक श्री गुप्तेश्वर को भूमि पट्टा भी प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री की उपस्थिति में जिला प्रशासन जशपुर एवं सेमिना एग्रो प्राइवेट लिमिटेड के बीच औषधीय एवं सुगंधित फसलों के विपणन के लिए महत्वपूर्ण अनुबंध किया गया। इस पहल से जिले के किसानों को अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध होगा तथा मूल्य संवर्धन और विपणन की नई संभावनाएं विकसित होंगी। इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ स्थानीय कृषि अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रही है तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की व्यवस्था लागू की गई है।

## योग और प्राणायाम से बदली दिव्यांग दम्पत्ति की जिंदगी, ऋषि मिश्रा बने प्रेरणा के स्रोत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 21 जून।** दृढ़ संकल्प, नियमित योगाभ्यास और प्राणायाम के माध्यम से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले डोंगरगढ़ निवासी दिव्यांग युवा ऋषि मिश्रा आज समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन गए हैं। अस्थि बाधित (ऑर्थोपेडिक दिव्यांग) होने के बावजूद उन्होंने अपनी शारीरिक सीमाओं को अपनी प्रगति में बाधा नहीं बनने दिया और योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर आत्मविश्वास, स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन प्राप्त किया।

ऋषि मिश्रा ने बताया कि जीवन में अनेक चुनौतियों और कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, किंतु योग एवं प्राणायाम ने उन्हें नई ऊर्जा, आत्मबल और सकारात्मक सोच प्रदान की। नियमित योगाभ्यास से न केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार हुआ, बल्कि मानसिक तनाव में कमी आई तथा जीवन के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास भी बढ़ा। इस प्रेरणादायी यात्रा में उनकी धर्मपत्नी श्रेया मिश्रा का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने हर कदम पर सहयोग और प्रोत्साहन देकर ऋषि मिश्रा का मनोबल बढ़ाया। आज दोनों पति-पत्नी नियमित रूप से योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करते हैं तथा अन्य लोगों को भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। ऋषि मिश्रा का मानना है कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक और आध्यात्मिक पद्धति है। योग के माध्यम से व्यक्ति अपने शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर सकता है। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांगजनों से आह्वान किया है कि वे अपनी परिस्थितियों से निराश न हों और योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं योग साधकों ने ऋषि मिश्रा और श्रेया मिश्रा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और नियमित साधना से व्यक्ति किसी भी चुनौती का सामना कर सकता है। उनका उदाहरण समाज में सकारात्मक संदेश देता है कि दिव्यांगता किसी व्यक्ति की क्षमता और सफलता के मार्ग में बाधा नहीं बन सकती।

आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भी ऋषि मिश्रा एवं श्रेया मिश्रा द्वारा योग जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता की जा रही है। उनका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग, प्राणायाम और स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ना है, ताकि समाज में स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और सकारात्मकता का प्रसार हो सके। ऋषि मिश्रा और श्रेया मिश्रा की यह प्रेरणादायी कहानी समाज के प्रत्येक व्यक्ति को यह संदेश देती है कि नियमित योगाभ्यास, प्राणायाम और सकारात्मक सोच के माध्यम से जीवन की कठिन से कठिन परिस्थितियों को भी अवसर में बदला जा सकता है।

योग के साथ साथ नैशनल पैरा स्पोर्ट्स खिलाड़ी व दिव्यांग जनों के लिए शासकीय, गैर शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कई बार दिव्यांग रत्न से सम्मानित हुए जिसमे जयपुर में उमीद फाऊंडेशन, दिव्यांग साथी ट्रस्ट मेरठ, छत्तीसगढ़ दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी संघ,और दिव्यांग कल्याण समिति मेरठ ,समाज कल्याण विभाग राजनांदगांव द्वारा दिव्यांग होते हुए भी दिव्यांग जनों के लिए सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने पर विधानसभा अध्यक्ष के हाथों सम्मानित हुए हैं।

### बस्तर में अंधविश्वास, टोनही प्रताड़ना एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरण अभियान

**रायपुर 21 जून।** प्रदेश के आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र में सामाजिक अंधविश्वासों एवं कुरीतियों के विरुद्ध निरंतर जनजागरण अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में ग्रामीणों को जादू-टोना, टोनही प्रताड़ना तथा कथित चमत्कारों की वास्तविकता से परिचित कराया गया तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास किया गया। कोरर एवं भानुप्रतापपुर में सभाओं का आयोजन किया गया। कोंडागांव, बीजापुर, सुकमा तथा दंतेवाड़ा जिलों में अंधविश्वास से जुड़ी घटनाओं के संबंध में प्रशासन से चर्चा की गई तथा मांग पर कोंडागांव, फरसगांव सहित लगभग एक दर्जन ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों के भ्रम दूर किए गए। कांकेर जिले के पुसावंड ग्राम में स्कूली छात्रों में फैले अंधविश्वास के एक मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के आमंत्रण पर विद्यार्थियों के भ्रमों का निराकरण किया गया। जगदलपुर-चित्रकूट में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय शिविर में प्रशिक्षार्थियों को व्याख्यान दिए गए।

# कलेक्टर की पहल पर जिले में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया को लेकर विशेष किसान जागरूकता अभियान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 21 जून।** जिले में किसानों को उन्नत एवं वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में विशेष किसान जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत किसानों को नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के उपयोग, लाभ एवं वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी दी जा रही है,।साथ ही इनके संबंध में फैली अफवाहों, भ्रांतियों एवं आशंकाओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले की 50 सहकारी समितियों को चिन्हांकित कर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में आकर्षक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी जा रही है। नुक्कड़ नाटक के पश्चात कृषि विशेषज्ञों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को तकनीकी जानकारी प्रदान की जा रही है तथा उनकी जिज्ञासाओं और प्रश्नों का भी समाधान किया जा रहा है। इसके अलावा डिजिटल वॉल पेंटिंग,पोस्टर एवं पाम्पलेट के माध्यम से भी व्यापक जनजागरूकता की जा रही है। नुक्कड़ नाटक के बाद किसानों को व्यक्तिगत रूप से पाम्पलेट वितरित कर नैनो उर्वरकों के उपयोग की विधि, लाभ एवं सावधानियों के संबंध में विस्तार से समझाया जा रहा है। किसानों ने कहा अच्छी और सही जानकारी मिल रही है-नुक्कड़ नाटक को देखने आए ग्राम ओडान के किसान भोज राम वर्मा ने कहा मुझे नैनो यूरिया के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। पर इस कार्यक्रम के माध्यम से मुझे नैनो यूरिया के बारे में अच्छी और सही जानकारी प्राप्त हुई है। इसको लेकर मेरे मन में कुछ प्रश्न भी थे जिसका विषय विशेषज्ञों ने भी समाधान किया। पहले मै केवल खेतों में परंपरागत यूरिया का ही उपयोग करते आया था इस बार अब मै नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग करूंगा। इसी तरह ग्राम वटगन के किसान सुभाष वर्मा ने कहा ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समय समय में होना ही चाहिए इससे हम किसानों को बहुत सी जानकारी प्राप्त होती है जिनसे हम अंजान रहते है। उन्होंने आयोजन के लिए कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा के प्रति आभार जताया। गौरतलब है जिला प्रशासन का उद्देश्य किसानों के बीच नैनो उर्वरकों को लेकर व्याप्त डर एवं भ्रम को दूर करना तथा उन्हें वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर सही जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि कर सकें।




### पंडरवाही में बहने लगी विकास की धारा

**रायपुर,21 जून।** कभी एक-एक बाल्टी पानी के लिए घंटों इंतजार और लंबी दूरी तय करना पंडरवाही गांव के लोगों की मजबूरी थी। आज वही गांव जल जीवन मिशन की बदौलत आत्मविश्वास और खुशहाली की नई कहानी लिख रहा है। धमतरी जिले के नगरी विकासखंड के इस आदिवासी अंचल में अब हर घर के आंगन तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। इसका असर केवल पानी की उपलब्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका और जीवनशैली में भी सकारात्मक बदलाव साफ दिखाई दे रहा है। अंगीरा ऋषि पर्वत की वादियों और महानदी की सहायक बालका नदी के किनारे बसे 94 परिवारों वाले पंडरवाही में वर्षों तक स्वच्छ पेयजल सबसे बड़ी समस्या थी। महिलाएं और बच्चे दूर-दराज के कुओं से पानी लाने में रोज कई घंटे बिताते थे। गर्मियों में यह संकट और गहरा जाता था। बाद में शुरू की गई सौर ऊर्जा आधारित जल योजना भी सभी परिवारों की जरूरतें पूरी नहीं कर सकी।

# छत्तीसगढ़ की सर्वोत्तम धान खरीदी व्यवस्था का अध्ययन करने नवा रायपुर पहुंचा महाराष्ट्र का उच्चस्तरीय दल

**रायपुर 21 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार की देश में मिसाल बन चुकी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था का अध्ययन करने के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय अध्ययन समिति शनिवार को नवा रायपुर पहुंची। न्यू सर्किट हाउस में छत्तीसगढ़ के माननीय खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल की अध्यक्षता में दोपहर 12:00 बजे से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें महाराष्ट्र के माननीय विधायकगण और दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) के प्राधिकारी श्री शशिकांत द्विवेदी और प्रबंध संचालक श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मार्कफेड के प्रबंध संचालक श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने महाराष्ट्र से आए दल का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ में धान उपार्जन के विशाल ढांचे की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया किः




पंजाब के बाद छत्तीसगढ़ पूरे देश में सर्वाधिक धान उपार्जन करने वाला दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। किसानों को उनकी उपज का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए 48 घंटे के भीतर सीधे उनके बैंक खातों में राशि ट्रांसफर कर दी जाती है। इसके लिए अपेक्स बैंक को अग्रिम राशि दी जाती है। इस पूरी व्यवस्था के वित्तीय प्रबंधन के लिए राज्य शासन की गारंटी पर मार्कफेड द्वारा विभिन्न बैंकों से न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण लिया जाता है। पूरी खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए आई.सी.सी.सी. (कमांड सेंटर) की स्थापना की गई है, जिससे प्रदेशभर के उपार्जन केंद्रों की चौबीसों घंटे निगरानी की जाती है। महाराष्ट्र समिति द्वारा विशेष रूप से मार्कफेड के वित्तीय प्रबंधन और लॉजिस्टिक्स के बारे में जानकारी मांगी गई। इस पर प्रबंध संचालक ने बताया कि इस वर्ष उपार्जित 141 लाख मीट्रिक टन धान में से केवल 17 लाख मीट्रिक टन धान ही संग्रहण केंद्रों में भंडारित किया गया। शेष 124 लाख मीट्रिक टन धान का समितियों से सीधे कस्टम मिलरों द्वारा डी.ओ. के माध्यम से उठाव कराया गया। इस रणनीतिक निर्णय से राज्य शासन को बचत हुई है। महाराष्ट्र अध्ययन समिति के नेतृत्वकर्ता और विधायक डॉ. परिणय फूंके ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की धान खरीदी व्यवस्था देश में सर्वोत्तम है, इसीलिए महाराष्ट्र सरकार ने अध्ययन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को चुना है। उन्होंने मार्कफेड द्वारा धान उपार्जन से लेकर उसके अंतिम निराकरण तक की बिंदुवार प्रक्रिया की सराहना की और इस उत्कृष्ट व्यवस्था को महाराष्ट्र में भी लागू करने के संबंध में अपनी सहमति व्यक्त की। मार्कफेड के प्राधिकृत अधिकारी शशिकांत द्विवेदी ने सर्वप्रथम सभी आगंतुक अतिथियों का अभिनंदन करते हुए अपने संबोधन में बताया कि छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कई वर्षों से हो रही है। किसानों के हित में की जा रही धान खरीदी अब डिजिटल वेइंग मशीन से की जाती है । उच्चतम पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से की जा रही धान खरीदी से किसानों को कोई भी नुकसान नहीं हो पाता है। अब किसानों को धान बेचने के लिए लाइन लगाने की जरूरत नहीं पड़ती है, टोकन व्यवस्था के माध्यम से तय की गई तारीख को धान बेचने में कोई परेशानी नहीं होती। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की गई धान खरीदी की राशि 48 घंटे में किसानों के खाते में ऑनलाइन भेज दी जाती है तथा बोनस (अंतर)की राशि धान खरीदी समाप्त होने के पश्चात एक साथ किसानों के खाते में चली जाती है। श्री द्विवेदी ने बताया कि मार्कफेड मुख्यालय में गत वर्ष कंट्रोल कमांडिंग सिस्टम लगाए जाने से प्रदेश के सारे उपार्जन केंद्र पर 24 घंटे निगरानी बनी रहती है ।

**न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्रमांक 202605110300014
अ/6 वर्ष 2025-26
ग्राम- नेवरा, प.ह.नं. 18

**//राजस्व मामले की नोटिस//**

प्रति,

1. संतोष अग्रवाल पिता स्व. बद्रीप्रसाद अग्रवाल,
2. दिनेश अग्रवाल पिता स्व. बद्रीप्रसाद अग्रवाल,
3. गिरधर अग्रवाल पिता स्व. बद्रीप्रसाद अग्रवाल,
4. उषा अग्रवाल पिता स्व. बद्रीप्रसाद अग्रवाल,
5. मंजू अग्रवाल पिता स्व. बद्रीप्रसाद अग्रवाल

ग्राम-नेवरा, तहसील-तिल्दानेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाश कुमार अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल पिता रामेश्वर लाल अग्रवाल द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि ग्राम नेवरा, प.ह.नं. 18 स्थित मृतक रामेश्वरलाल, बद्रीप्रसाद पिता जमुनालाल अग्रवाल के नाम से दर्ज परिवर्तित भूमि शीट क्रमांक 03 भूखंड क्रमांक 34 एवं रकबा 2610 वर्गफीट में आवेदक का नाम दर्ज किए जाने निवेदन किया है।

इस संबंध में दिनांक 24.06.2026 को उपस्थित होकर अपना जवाब पेश करे, अन्यथा आपके अनुपस्थित रहने की स्थिति में प्रकरण में विधिवत् अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 10.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुहर सहित जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा
जिला-रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बड़ेबचेली, जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202605160100003
/अ-20(5)/2025-26
ग्राम- बड़ेबचेली, प.ह.नं.-02

**//उद्घोषणा//**

एतद् द्वारा ग्राम बड़ेबचेली के आमजनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के पत्र क्रमांक 352 दिनांक 14.05.2026 के द्वारा ग्राम बड़ेबचेली प.ह.नं 02 तहसील बड़ेबचेली में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 1033 रकबा 3.5650 हे. में से रकबा 2.040 हे. में व्यवहार न्यायालय भवन तथा न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण हेतु भूमि आबंटन किये जाने कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बड़ेबचेली के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जो अभी इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति 30.06.2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.06.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बड़ेबचेली

**एक नजर**

## छत्तीसगढ़ में लागू हुई नई 'एसओआर' दर

**रायपुर, 21 जून।** छत्तीसगढ़ में सरकारी निर्माण कार्यों की सुस्त पड़ती रफ्तार को अब नई ऊर्जा मिलने वाली है। प्रदेश के नगरीय निकायों में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को गति देने के लिए राज्य सरकार ने लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी द्वारा जारी नवीन दर अनुसूची को नगरीय निकायों में भी लागू कर दिया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्तों और मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए हैं। शासन के इस फैसले के बाद अब प्रदेश के शहरों में सड़क, भवन और बिजली से जुड़े विकास कार्यों के एस्टीमेट (प्राक्कलन) नई बाजार दरों के आधार पर तैयार हो सकेंगे। विभाग के उप सचिव भागवत जायसवाल द्वारा जारी इस आदेश को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी किए गए नए एसओआर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें दरों को जीएसटी से मुक्त रखा गया है।

## सिटी हॉंडा का स्कूटर कार्निवाल



रायपुर। शहर के प्रतिष्ठित होंडा दोपहिया वाहन डीलर सिटी होंडा ने ग्राहकों के लिए आकर्षक स्कूटर कार्निवाल अभियान की शुरुआत की है। इस विशेष ऑफ़र के तहत ग्राहकों को नई होंडा एक्टिवा खरीदने पर बेहतरीन बायबैक एवं एक्सचेंज बेनिफिट्स का लाभ मिलेगा। सिटी होंडा के अनुसार, नई होंडा एक्टिवा पर ग्राहकों को मात्र 77,751 (एक्स-शोरूम) की कीमत पर स्कूटर उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही कंपनी द्वारा 3 वर्ष बाद 55,000 तक का निश्चित बायबैक वैल्यू प्रदान किया जा रहा है, जिससे ग्राहकों को भविष्य में अपने वाहन की बेहतर रीसेल वैल्यू की चिंता नहीं रहेगी। इसके अलावा, जो ग्राहक अपनी पुरानी दोपहिया गाड़ी को अपग्रेड करना चाहते हैं, उनके लिए नई एक्टिवा 125 सीसी पर विशेष एक्सचेंज ऑफर उपलब्ध है। ग्राहकों को अपनी पुरानी गाड़ी पर 50,000 तक की एक्सचेंज वैल्यू का लाभ मिल सकता है, जिससे नई एक्टिवा 125 सीसी को प्रभावी रूप से मात्र 43,000 से शुरू होने वाली कीमत पर प्राप्त किया जा सकता है। होंडा एक्टिवा अपने भरोसेमंद प्रदर्शन, बेहतर माइलेज, दमदार इंजन और आधुनिक फीचर्स के कारण देश की सबसे पसंदीदा स्कूटरों में शामिल है। यह ऑफ़र सीमित अवधि के लिए उपलब्ध है।

# संगठन सृजन कार्यक्रम में पहुंचे राहुल गांधी



**रायपुर, 21 जून।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज दोपहर अभनपुर में आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंहुचे हैं। खास बात ये है कि कार्यक्रम स्थल पर केवल वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित जिला शहर अध्यक्षों को ही प्रवेश दिया गया है। राहुल गांधी के रायपुर एयरपोर्ट पर पंहुचने के बाद से लेकर कार्यक्रम स्थल तक आने के बीच कई जगह कांग्रेसियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश संगठन द्वारा किए गए आंदोलन से संबंधित पोस्टर लगाए गए हैं, जो नीट पेपर लीक के विरोध प्रदर्शन, बढ़ती महंगाई, बस्तर में अडानी और अन्य निजी उद्योगपतियों द्वारा खनिज संसाधन की लूट के विरोध में जन आंदोलन से संबंधित है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता एवं कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत राहुल गांधी के साथ सभा स्थल पर पंहुचे। पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, सांसद फूलोदेवी नेताम, सांसद ज्योत्सना महंत,प्रभारी सचिव विजय जांगिड़, ताम्रध्वज साहू, अनिला भेड़िया,सत्यनारायण शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, प्रेमसाय सिंह, जय सिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, अरुण वोरा,राजेंद्र तिवारी, कांग्रेस मीडिया प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, व रायपुर शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन सहित बड़ी संख्या में अन्य नेता शामिल हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 जून से लेकर 29 तक दस सत्र आयोजित होंगे।

## उप मुख्यमंत्री ने नालंदा परिसर, मल्टी-लेवल पार्किंग और एसटीपी निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण



**रायपुर, 21 जून।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आज दुर्ग में निर्माणाधीन नालंदा परिसर, इंदिरा मार्केट के पास मल्टी-लेवल पार्किंग एवं उरला में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान विभागीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों से कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री साव ने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को कार्यों में तेजी लाते हुए तीनों कार्यों को अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में देरी नहीं होना चाहिए। इनमें देरी से नागरिकों को सुविधाएं मिलने में देरी होती है। श्री साव के कार्यों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह, महापौर अलका बाघमार और नगर निगम के आयुक्त श्री सुमीत अग्रवाल भी मौजूद थे।

# बिजली बिल वृद्धि के खिलाफ पोस्टर का विमोचन




**रायपुर, 21 जून।** पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने छत्तीसगढ़ में बढ़ती बिजली की दर एवं बिजली विभाग में लगातार पाये जा रहे अनियमितता एवं भ्रष्टाचार को लेकर पोस्टर का विमोचन किया। लगातार कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में बिजली को लेकर आंदोलनरत् है उसी क्रम में आज पूर्व विधायक विकास उपाध्याय द्वारा विभिन्न श्लोगन के माध्यम से पोस्टर का विमोचन किया गया जिसमें लिखा गया है कि ''ये बिजली परान ले लेही बीजेपी ने दिया 440 का झटका'', ''बीजेपी, बिजली और बिल साय सरकार में सब बेड फ्लि'', ''चैन से सोना है तो जाग जाओ बिजली नहीं लालटेन जलाओ''। इन पोस्टरों में निवेदक बीजेपी सरकार लिखा गया है क्योंकि मौजूदा स्थिति की देन बीजेपी सरकार है। इन पोस्टरों को राजधानी के बिजली ऑफिस के बाहर चस्पा किये जायेंगे साथ ही शहरों में भी चिपकाये जायेंगे। विकास उपाध्याय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लगाये गये स्मार्ट मीटर के कारण काफी ज्यादा समस्या आ रही है जल्द से जल्द स्मार्ट मीटर को हटाया जाये।

## संवर रहे मासूम बच्चों के विकृत चेहरे

**रायपुर, 21 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ द्वारा राहुल गांधी के जन्मदिन पर कटे फ़्टे होंठ व तालु के जन्मजात विकृति के बच्चों का परीक्षण ऑपरेशन शिविर का आयोजन सेंटर में किया गया। कांग्रेस विकलांग सेवा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में कटे फ़्टे होंठ के बच्चों का परीक्षण किया गया और बच्चों के होंठ तथा तालू में छिद्र का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया । पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र कोचर ने इस अवसर पर कहा कि राहुल गांधी संवेदनशील , दूरदृष्टि वाले राजनेता हैं देश निर्माण में उनके सभी सुझाव सामयिक व अनुकरणीय रहे हैं । शिविर में आज 9 माह की रुमिला के कटे फ़्टे होंठों का सफ्ल ऑपरेशन प्रसिद्ध सर्जन ने किया । चरौदा के चंदना साहू की प्रथम संतान है जन्म से ही चेहरे की विकृति देखकर पिता व माँ दुःखी व चिंतित थे । ऑपरेशन से रुमिला का चेहरा सुन्दर हो जावेगा । माँ व पिता की खुशी साफझलक रही है।

## रोजगार योजना कार्यक्रम में शामिल हुई कैट की टीम



**रायपुर, 21 जून।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, महामंत्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स छत्तीसगढ़ की टीम ने एम्स ऑडिटोरियम, रायपुर में आयोजित 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े और देशभर के लाभार्थियों को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर के लाभार्थियों को लगभग ?2,400 करोड़ की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका, रोजगार सृजन और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# व्यापारियों ने किया योगाभ्यास



**रायपुर, 21 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में, चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा चेम्बर भवन में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में एक दिवसीय योग शिविर का सफ्ल आयोजन किया गया। इस शिविर में श्री राकेश चतुर्वेदी, भूतपूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन बल प्रमुख एवं अध्यक्ष राज्य जैव विविधता बोर्ड, छत्तीसगढ़ शासन, जी के मुख्य आतिथ्य में बड़ी संख्या में व्यापारिगण एवं आमजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य अतिथि श्री संजय शर्मा जी को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। सुबह 7 से 8 बजे तक चले इस योग शिविर में योग एवं फिटनेस विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील शुक्ला तथा योग प्रशिक्षक प्रीति सलूजा एवं संगीता मंडल शर्मा द्वारा विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। शिविर में उपस्थित व्यापारिगण एवं आमजनों को योग के शारीरिक और मानसिक लाभों के बारे में भी जानकारी दी गई, जिससे उन्हें अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रेरणा मिली।

चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी ने कहा कि आज की इस बेहद व्यस्त और तनावभरी व्यावसायिक जीवनशैली में योग हमारे लिए कोई विकल्प नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर आयोजित इस योग शिविर का मूल उद्देश्य ही हमारे व्यापारी भाइयों और बहनों के बीच स्वास्थ्य, सकारात्मकता और मानसिक शांति का संचार करना है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26